दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 2 | अंक: 327 जयपुर, रविवार, 05 नवंबर, 2023 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



## जरूरी खबर

### FST ने जब्त किए 6 लाख के चांदी के 14 बिस्किट



**दौसा।** जिला पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। थाना लवाण व एफएसटी ने जांच के दौरान 6 लाख रुपए कीमत के चांदी के 14 बिस्किट जब्त किए हैं। एसपी वंदिता राणा ने बताया कि एसएचओ दिनेश कुमार व एफएसटी प्रभारी नंदा राम मीणा के नेतृत्व में शनिवार को प्रहलादपुरा मोड़ तुंगा रोड पर नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान वाहनों की जांच की जा रही थी। कन्हैया लाल बंसल निवासी खानजादा पाड़ा थाना बाड़ी कोतवाली धौलपुर के पास से 5 लाख रुपए कीमत की 7.930 किलो चांदी के 14 बिस्किट जब्त किए गए।

### प्रत्याशी की सभा में CM के सामने लगे मोदी-मोदी के नारे

**भीलवाड़ा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार को भीलवाड़ा दौरे पर रहे। उन्होंने मांडल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान कुछ युवाओं ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। इस पर सीएम गहलोत मुस्कुराते हुए हाथ जोड़कर आगे निकल गए। दरअसल मांडल कस्बे के स्कूल ग्राउंड में बने हेलीपेड से अशोक गहलोत बाहर निकल रहे थे। इस दौरान रोड पर खड़े युवाओं ने सीएम गहलोत का काफिला देखकर मोदी-मोदी के नारे लगाना शुरू कर दिया। इस दौरान गहलोत ने उन युवाओं की तरफ देखकर मुस्कुराते हुए हाथ जोड़कर अभिवादन किया और आगे निकल गए।

### आरजीएचएस में मरीजों का इलाज बंद: पंचारिया



**जयपुर।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चिरंजीवी योजना के नाम पर जनता के साथ धोखा किया हैं। मुख्यमंत्री अपनी सभाओं में मुफ्त इलाज का ढिंढोरा पीट रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि राज्य के निजी अस्पतालों में अधिकांश ने चिरंजीवी और आरजीएचएस के तहत मरीजों का इलाज बंद कर दिया है। वहीं सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ टूट रही है और उन्हें संभालने के लिए पर्याप्त स्टाफ भी नहीं है। प्रदेश के अस्पतालों की हालत यह है कि 7 करोड़ की आबादी वाले राजस्थान में अस्पतालों का भारी टोटा हैं।

## पूर्व सीएम राजे, डॉ. सीपी जोशी और खाचरियावास ने भरा नामांकन

# गाजे-बाजे के बीच समर्थकों के संग पर्चा भरने निकले दिग्गज

- नामांकन पत्र भरने के छठे दिन 544 उम्मीदवारों ने 737 आवेदन पत्र दाखिल किए
- जयपुर में 67 उम्मीदवारों ने किए 94 नामांकन, कुल 127 प्रत्याशियों ने भरे 172 पर्चे
- प्रदेश में अब तक 1079 उम्मीदवारों के आए 1462 आवेदन, आज दाखिल नहीं होंगे नामांकन

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनावों को लेकर प्रत्याशियों का नामांकन भरने का दौर जारी हैं। अब नामांकन का एक ही दिन शेष रहा हैं। लेकिन इससे पहले शनिवार को नामांकन भरने के छठे दिन प्रदेश में 191 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 544 प्रत्याशियों ने 737 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

ऐसे में अब तक प्रदेश में 1079 उम्मीदवारों ने 1462 नामांकन पत्र भरे हैं। शनिवार को भरे गए नामांकन पत्र भरने के साथ ही पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, गौरव वल्लभ, किरोड़ी लाल मीणा, रघुवीर सिंह मीणा, विकास चौधरी, प्रसादी लाल मीणा, हनुमान बेनीवाल, पानाचंद मेघवाल सहित कई दिग्गज चुनाव मैदान में उतरें।





### इन्होंने भी ठोकी ताल

मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से आजाद समाज पार्टी से विनोद सांखला, बसपा महेन्द्र कुमार, निर्दलीय शरद कुमार गोधा, बाबूलाल रैगर, सांगानेर से निर्दलीय मदन सिंह, हरी नारायण मीणा, रणजीत सिंह गहलोत, रामवतार धानका, राष्ट्रीय जनता सेना के रोहिताश्व यादव ने भी नामांकन भरकर चुनावी मैदान ताल ठोक दी है। वहीं अभिनव लोकतंत्र पार्टी के प्रत्याशी डॉ. बुद्धिप्रकाश बैरवा, बगरू से निर्दलीय मधुलता देवी, कांग्रेस की गंगादेवी, आप की ऋतु सांवरिया, बस्सी से निर्दलीय मान सिंह मीणा, जितेन्द्र मीणा, चाकसू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के रामवतार ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया।

### बिना टिकट के ही भरा नामांकन

अभी कांग्रेस की 44 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा बाकी हैं, लेकिन फिर भी हवामहल से आरआर तिवाड़ी, विद्याधर नगर से सीताराम अग्रवाल, आमेर से प्रशांत और चौमूं से कैलाश ने उनका नाम बिना सूची में आए ही कांग्रेस से नामांकन भर दिया हैं। इसी तरह से शाहपुरा से मनीष यादव ने भी पर्चा भरा था। वहीं जयपुर के बाहरी जिलों में भी ऐसे मामले देखने को मिले। जिन्होंने कांग्रेस की सूची घोषित हुए बिना ही पार्टी से नामांकन किया उनमें से अधिकत्तर का दावा है कि आलाकमान ने उन्हें फोन करके कहा हैं।

### आज अवकाश, सोमवार को अंतिम दिन

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 5 नवम्बर को रविवार होने के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए जा सकेंगे। इस प्रकार सोमवार 6 नवम्बर तक नामांकन पत्र भरने के लिए अब एक दिन का ही समय शेष है।

### जयपुर जिले की 19 विधानसभा सीटों के लिए आए 172 नामांकन

जयपुर जिले के सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों के लिए अब तक 127 प्रत्याशियों ने 172 नामांकन पत्र जमा करवाए हैं। नामांकन के छठे दिन सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से सबसे ज्यादा 12 प्रत्याशियों ने 19 नामांकन पत्र जमा करवाए। वहीं शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में सिर्फ 1 प्रत्याशी ने नामांकन किया। शनिवार को 18 विधानसभा क्षेत्रों में 67 उम्मीदवारों ने 94 नामांकन पत्र जमा करवाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि अब तक झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, निर्दलीय प्रसन्न माहेश्वरी, अर्जुन लाल, मंजू कंवर और आनंद कुमार सैनी ने नामांकन किया। वहीं हवामहल विधानसभा क्षेत्र से एआईएमआईएम पार्टी के प्रत्याशी जीमल



अहमद खान, भाजपा के बालमुकुंदाचार्य, कांग्रेस के आरआर तिवाड़ी, डब्ल्यूपीओआई के फिरोजुद्दीन, आरपीआई के सुरेन्द्र सिंह, बसपा से तरूशा निर्दलीय फहीम, आबिद अहमद, मोहम्मद फारुख ने नामांकन दाखिल किया। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के कुलदीप धनखड़, आजाद समाज पार्टी से रामचंद्र सरधाना, कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र



से बसपा के प्रकाश, जननायक जनता पार्टी के रामनिवास ने नामांकन दाखिल किया।







### गृहराज्य मंत्री ने कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भरा आवेदन

वर्तमान सरकार में गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कांग्रेस और निर्दलीय के रूप में नामांकन किया। चौमूं विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा, कांग्रेस से कैलाश राज सैनी, फुलेरा से भाजपा के निर्मल कुमावत, आमेर से निर्दलीय प्रत्याशी किशनलाल जांगिड़, मोहम्मद शफीक, ओम प्रकाश सैनी, आम आदमी परिवर्तन पार्टी के आयूब कुरैशी,आप से रेणू तोमर और कांग्रेस से प्रशांत शर्मा ने नामांकन किया। वहीं जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र निर्दलीय गिरिराज प्रसाद मीणा, कालूराम मीणा, मान सिंह, आरएलटीपी प्रत्याशी रमेश सोलंकी ने नामांकन किया। विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सीताराम अग्रवाल, निर्दलीय प्रत्याशी जितेन्द्र सैनी, विष्णुप्रताप सिंह, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के प्रत्याशी पवन कुमार, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी अक्षय सैनी ने नामांकन किया। सिविल लाइन्स विधानसभा से कांग्रेस के प्रताप सिंह खाचरियावास, आप से अर्चित और दिव्या गुप्ता के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशी कैलाश पालावत, किशोरी लाल, कीर्ति राठौड़, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी आबिद अहमद, रुमाना कुरैशी, बसपा के हरी नारायण जादिया, आदर्श नगर से कांग्रेस से रफीक खान, आजाद समाज पार्टी संजय कुमार वाल्मीकि, निर्दलीय रूमाना कुरैशी, मोहम्मद इदरिश, आबिद अहमद, कैलाश चन्द्र मिश्रा ने नामांकन किया।

## भाजपा छोड़ने का किया ऐलान

# पूर्व मंत्री यूनुस खान लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव



**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा नेता और पूर्व मंत्री यूनुस खान ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया है। युनूस खान ने डीडवाना से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान चुनाव लड़ने का फैसला किया है। यूनुस खान शनिवार को जयपुर से डीडवाना पहुंचे। पूर्व मंत्री का कुचामन से लेकर डीडवाना तक जगह-जगह स्वागत किया गया।

उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं कि इतने साल मुझे अपनी पार्टी में रखा। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का भी आभार जताया। यूनुस खान ने कहा कि उस पार्टी को बहुत भारी मन से आज मुझे छोड़ने का ऐलान करना पड़ा, क्योंकि यहां की स्थानीय जनता जो कि पिछले 25 साल से भाजपा के कार्यकर्ताओं के रूप में मेरे साथ खड़ी है, उसी जनता का मेरे ऊपर दबाव भी था और आग्रह भी था।

उन्होंने कहा कि 6 नंवबर को डीडवाना विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। यूनुस ने कहा कि अब ये मेरा टिकट जनता का है। अब चुनाव जनता वर्सेस वर्तमान विधायक जो कांग्रेस से हैं, उनसे है। मुझे विश्वास है कि जो लोग कांग्रेस के कुशासन से अत्याचार और अन्याय से दुखी हैं, वो सभी आने वाली 25 तारीख को वोट देकर अपना विश्वास जताएंगे। उन्होंने कहा कि 1998 से एक ही परिवार ने डीडवाना पर कब्जा कर रखा है, उस कब्जे को छुड़ाने का काम करेंगे। यूनुस खान ने कहा कि मैं जनता का आभारी हूं और जनता ने जो फैसला किया है मैं उस फैसले पर जनता के साथ खड़ा हूं।

## पोस्टल बैलट के लिए 385672 आवेदन

# 26084 केन्द्रों पर की जाएगी वेब कास्टिंग

**बेधड़क,जयपुर।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव-2023 के लिए निर्वाचन विभाग ने 26084 मतदान केन्द्रों पर लाइव वेब कास्टिंग करवाने की व्यवस्था की है। पोस्टल बैलट के लिए 80 वर्ष से अधिक के वृद्धजन, दिव्यांजन, अनिवार्य सेवा कार्मिकों और मतदान कर्मियों सहित कुल 3 लाख 85 हजार 672 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने शनिवार को शासन सचिवालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतदान दिवस पर चिह्नित मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग, 80 वर्ष से अधिक आयु के एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले विशेष योग्यजन इन मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलट और वाहन पास की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों अपने क्षेत्रों में 13995 वल्नरेबल और क्रिटिकल मतदान केंद्रों को चह्नित किया गया है।

### 48,404 ने किया होम वोटिंग के लिए आवेदन

गुप्ता ने कहा कि 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के लिए प्रदेश में पहली बार विधानसभा आम चुनावों में होम वोटिंग की पहल की गई है। प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक आयु के 48,404 मतदाता एवं विशेष योग्यजन के रूप में 11960 मतदाता ने आवेदन किया है।

## भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ने साधा कांग्रेस पर निशाना

# सरकार ने युवाओं को बेरोजगारी और अवैध शराब के दलदल में धकेला: चेची

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची ने कहा है कि राज्य सरकार की ओर से युवाओं के साथ किए गए धोखे के कारण युवा वर्ग अब नशे और अवैध शराब के कारोबार में शामिल हो रहा है।

राज्य के कई जिलो में तो नशे की गिरफ्त में युवाओं का सड़कों पर दिखाई देना आम बात हो गई है। वहीं दूसरी ओर राजस्थान से गुजरात में शराब तस्करी के मामले में पुलिस कांस्टेबल से लेकर आईपीएस तक के नाम उजागर होने के बाद यह तो तय हो गया कि राजस्थान से गुजरात जमकर शराब तस्करी हो रही है।

शराब तस्करी के मामलों में सरकारी नुमाइंदों के शामिल होने से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि कांग्रेस सरकार के राज में राजस्थान से शराब की खुलेआम तस्करी हुई है। वहीं अब प्रदेश में गैर कानूनी तरीके से शराब तैयार कर बेचने के मामले भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हालात यह है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गृह जिला जोधपुर भी गैर कानूनी तरीके से शराब तैयार कर बेचने के मामले में टॉप पांच जिलों में शामिल है। चेची ने कहा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान से सीमावर्ती जिलों में ड्रग्स तस्करी के मामले भी लगातार बढ़ते जा रहे है।

## पार्टी अब तक 138 सीटों पर कर उतार चुकी है उम्मीदवार

# बसपा ने जारी की 43 प्रत्याशियों की सूची

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 को लेकर बहुजन समाजवादी पार्टी ने शनिवार को 43 प्रत्याशियों की सुची जारी की हैं। बीएसपी अब तक 138 नामों की सूची जारी कर चुकी हैं।

सूची के अनुसार जैतारण से सरोज मेघवाल, सूरसागर से राजेंद्र सिंह, जोधपुर से सुनीता, श्रीगंगानगर से परमानन्द, शेरगढ़ से जुझाराम, भीलवाड़ा से कल्पना रेनू चनान, शिव से जयराम, पचपदरा से मुखतयार अली, बायतु से छगनाराम, पाली से संदेश पंवार, माण्डल से रामेश्वर जाट, मांडलगढ़ से बकतावर, शाहपुरा से रमेश मेघवाल, सहाड़ा से कालू खां, आसिन्द से इंद्रा देवी चौधरी, जालौर से ओमप्रकाश चौहान, सांचोर से शमशेर अली सैय्यद, भीनमाल से कृष्ण कुमार देवासी, आहोर से मसराराम, रानीवाड़ा से लाखाराम चौधरी, हनुमानगढ़ से कैलाश, बिलाड़ा से श्यामलाल चौहान, लूणी से राजूराम, ओसिया से श्याम नवीन, भोपालगढ़ से रणजीत चौहान, सरदारपुरा से दलपत चौहान, पुष्कर से शाहबुद्दीन, अजमेर दक्षिण से हेमन्त कुमार सोलंकी, नसीराबाद से मुकेश कुमार, लोहावट से भंवर लाल भील, फलोदी से हरीराम फुलवारिया, अजमेर उत्तर से सुशीला, किशनगढ़ से रामनिवास, ब्यावर से शिवानी, बाली से हेमन्त कुमार, सुमेरपुर से जीवाराम राणा, जैसलमेर से प्रहलाद राम (परिवर्तित), छवडा से छीतरलाल, किशनगंज से रामदयाल मीणा, बारा अट से सुरेश कुमार, निवाई से बाबूलाल सिंघारिया, बसेड़ी से दौलत सिंह, श्रीडूंगरगढ़ से राजेंद्र सिंह बापेऊ को टिकट दिया है।

## कांग्रेस-भाजपा का वार पलटवार

# मोदी पहले PM जिन्होंने देश में कोई सरकारी उपक्रम नहीं बनाया: पाटिल

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे ही कांग्रेस-भाजपा के नेताओं ने वार-पलटवार शुरू कर दिया हैं।

एआईसीसी के प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने शनिवार को जयपुर में कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र की मोदी सरकार पर वार किए तो भाजपा के राज्यसभा सांसद एंव राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधाशुं त्रिवेदी ने जयपुर मीडिया सेंटर से प्रदेश की कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लिया। एआईसीसी के प्रवक्ता एवं



एआईसीसी के राजस्थान मीडिया प्रभारी अतुल लोंढे पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की जनता से किए गए वादे किसी झूठ से कम नहीं हैं। अब पीएम मोदी कांग्रेस की नकल करते हुए अपने वादों को गारंटी बोलने लगे हैं। मोदी कहते हैं कि देश की मिट्टी की सौगंध में देश बिकने नहीं दूंगा, लेकिन आधे से ज्यादा सरकारी उपक्रम बिक चुके हैं। मोदी पहले प्रधानमंत्री जिन्होंने देश में कोई सरकारी उपक्रम नहीं बनाया, किन्तु बेचने का कोई मौका नहीं छोड़ा। पाटिल बोले कि कांग्रेस जब जनता को गारंटी देती है तो उसके पीछे हमारा वित्तीय प्रबंधन भी होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने एफआरबीएम एक्ट बनाया जिसके प्रावधान कहते हैं कि एक निश्चित सीमा से ऊपर कोई भी सरकार कर्ज नहीं ले सकती हैं।

2013 में भाजपा की वसुंधरा सरकार शासन में आई तो 3500 करोड़ का सरप्लस बजट कांग्रेस सरकार ने सौंपा था, किन्तु जब भाजपा सरकार गई कांग्रेस ने शासन सम्भाला तो 62700 करोड़ का डेफिसिट बजट मिला था।

### राजस्थान की गहलोत सरकार में भ्रष्टाचार की भरमार, महिला सुरक्षा बेहाल: त्रिवेदी

वहीं राज्यसभा सांसद एंव राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधाशुं त्रिवेदी ने प्रदेश में इन पांच सालों के हालातों को लेकर कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि नौजवान हैरान,किसान परेशान, कानून व्यवस्था लहूलुहान, सरकार के अंदर घमासान और किताबों के अंदर महाराणा प्रताप से ज्यादा अकबर महान' इस तरह के हालात हैं। जब राजस्थान आना होता है तब एक आक्रोश उत्पन्न होता है। पिछले 5 वर्षों में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार की भरमार है, नारियों का सम्मान तार-तार है, तुष्टिकरण की भरमार है और इस दृश्य को देखकर वेदना होती है। कांग्रेस ने सत्ता पाने से पहले बेरोजगार नौजवानों को भत्ता देने की गारंटी दी थी, लेकिन गारंटी पूरी नहीं की। त्रिवेदी ने कहा कि राजस्थान में कभी सांप्रदायिक सौहार्द का वातावरण ऐसा नहीं था पहले कट्टरपंथियों का मनोबल इतना ऊंचा नहीं था जैसा कि अभी है।

### घाटाले और भ्रष्टाचार में राजस्थान आगे



त्रिवेदी ने कहा कि जल जीवन मिशन में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार और घोटाले के मामले राजस्थान में सामने आ रहे हैं। 42 लाख परिवारों को जल की सप्लाई हुई है। महिलाओं के साथ अत्याचार की इतनी वीभत्स घटनाएं राजस्थान में देखने को मिली हैं। त्रिवेदी ने कहा कि कर्नाटक के एक नेता का विडियो वायरल हो रहा है जिसमें समुदाय विशेष के लोगों को कहा जा रहा है कि जैसे कर्नाटक में एकजुट होकर हराया वैसे ही राजस्थान में करना है, एमपी में कमलनाथ कहते हैं कि हमें मुसलमानों के 100 प्रतिशत वोट चाहिए वहीं कर्नाटक में कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सतीश जारकी ने कहा कि हिंदु शब्द ही गंदा है। वही नेता राजस्थान में आकर सीधे तौर पर सांप्रदायिक अपील कर एकजुट होकर हराने की बात कहता है राजस्थान में लाल डायरी का मामला सदन के पटल पर उठाया जाता हैं।

पेज @ 09



'दिवाली बैश' में खुशियों का 'स्नेह मिलन'

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

विधानसभा चुनाव 2023




वर्ष: 2 | अंक: 327 जयपुर, रविवार, 05 नवंबर, 2023 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

कांग्रेस फिर से!

कांग्रेस की पांचवी गारंटी

हर विद्यार्थी के लिए

अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा

गारंटी में अपना नाम दर्ज कराने के लिये मिस्ड कॉल दें 8587070707

ABC अंग्रेजी माध्यम शिक्षा की गारंटी

## जरूरी खबर

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नौ को आएंगे उदयपुर



**जयपुर।** विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के नामांकन के साथ ही अब भाजपा के स्टार प्रचारकों के आने का कार्यक्रम भी बनने लगे हैं। उदयपुर में नौ नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा का कार्यक्रम है। मोदी के कार्यक्रम की सूचना आने के बाद उदयपुर भाजपा की टीम इसकी तैयारियों में जुट गई है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी उदयपुर जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र की एक संयुक्त सभा को संबोधित करेंगे। इसमें सभी प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थक और आमजन शामिल होंगे। यह सभा चित्रकूट नगर स्थित खेलगांव हो सकती है।

### लक्ष्मणदास होंगे जयपुर डीसीपी-ट्रैफिक

**जयपुर।** जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था अब आईपीएस लक्ष्मणदास संभालेंगे। कार्मिक विभाग ने शनिवार को आदेश जारी कर दो आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। आदेश के अनुसार आईपीएस लक्ष्मणदास को जयपुर कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त यातायात और राजेंद्र कुमार मीणा को पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के पद पर लगाया गया है। गौरतलब है कि जयपुर शहर लगातार यातायात की समस्या से जूझ रहा था। इसके चलते अब तक ट्रैफिक डीसीपी के पद पर तैनात प्रहलाद कृष्णियां को हटाया गया है।

## ये भी देखें...

गाजे-बाजे के साथ प्रत्याशियों के नामांकन पेज-2

कांग्रेस प्रत्याशी नौक्षम का दबंग अंदाज पेज-4

48 लाख नकद और 1.73 करोड़ का बैंक बैलेंस फ्रिज पेज-5

दिल्ली के बाद प्रदेश की हवाओं में घुला जहर... श्रीगंगानगर में AQI स्तर पहुंचा 450

# जयपुर में भी छाई धुंध... लोगों को आंखों में महसूस हुई जलन

**बेधड़क** | जयपुर

देश की राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण के कारण हो रही धुंध का असर प्रदेश के जिलों में भी देखने को मिल रहा है। कई जिलों में तो हालात इतने खराब है कि सुबह लोगों को ताजी हवा भी नहीं मिल पाई। प्रदेश के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जोधपुर, कोटा, बीकानेर और जयपुर में ज्यादा हालात खराब रहे। गंगानगर में तो वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 450 के पार पहुंच गया। पॉल्यूशन के चलते छाई धुंध के कारण जहां अस्थमा के मरीजों की परेशानी बढ़ गई, वहीं दुपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को आंखों और स्किन पर जलन का एहसास हुआ। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण छाए बादलों से आसमान के अपर लेवल पर हवा की स्पीड बहुत कम हो गई है। इस कारण प्रदूषण और कार्बन पार्टिकल्स हवा में ऊपर जाकर फैल गए हैं। इससे सूबे के शहरों में प्रदूषण का लेवल बढ़ गया है।



### जयपुर में शाम को हल्की बारिश

प्रदूषण के बढ़ते असर से शहर में शनिवार को कई इलाकों में सुबह से ही कोहरा छा गया। वहीं, आसमान में दिन भर बादल छाए रहे और शाम को कई इलाकों में हल्की बारिश भी हुई। इससे रात में तापमान में दो डिग्री सेल्सियस गिरावट दर्ज हुई। शहर के आदर्श नगर, एमआई रोड, शास्त्री नगर, सीतापुरा, मुरलीपुरा, मानसरोवर एरिया में पॉल्यूशन की स्थिति काफी खराब रही। इन सभी इलाकों में पॉल्यूशन का स्तर 200 से ऊपर रहा। मुरलीपुरा में एक्यूआई लेवल 249 रहा।

"इस बार मौसम में नमी होने और हवा की गति कम होने से वायु में प्रदूषण निचले स्तर पर आ गया है। इस प्रदूषण में मिक्स्ड कार्बन, डस्ट और फॉग का समावेश है। आगामी दो तीन दिन तक प्रदेशवासियों को पॉल्यूशन से दो-चार होना पड़ेगा। 8 अक्टूबर के बाद मौसम में परिवर्तन होने की संभावना है।

**राधेश्याम शर्मा, निदेशक मौसम केंद्र**

अपनी-अपनी जीत के दावे...

# नौ साल में भाजपा ने देश में लोकतंत्र को कुचला: सीएम

## कांग्रेस ने केवल रेवड़ियां बांटी, भाजपा सरकार बनेगी: राजे

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर कांग्रेस और भाजपा के नेता अपनी-अपनी जीत के दावे करते हुए घोषणाएं और वादे करते हुए एक-दूसरे पर पलटवार भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किशनगढ़ में एक प्रत्याशी की नामांकन रैली को संबोधित करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस देश ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन पिछले साढ़े नौ सालों में जिस तरह से लोकतंत्र को कुचलने का काम किया, वैसा कभी नहीं देखा। केंद्र सरकार के मुखिया जयपुर और अजमेर की जमीन पर खड़े होकर ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना बनाने का वादा कर अपनी ही बात से मुकर गए। अब हमने फैसला किया है कि हमारी सरकार बनने के बाद कांग्रेस 13 जिलों की महत्वाकांक्षी इस परियोजना पूरी करेगी।

दूसरी ओर, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने केवल रेवड़ियां बांटने का काम किया है।



### 13 जिलों के प्रोजेक्ट के लिए हजारों करोड़ का प्रावधान

सीएम गहलोत ने कहा कि पूर्वी राजस्थान की सबसे अहम ईआरसीपी को पूरा करने के लिए हमारी सरकार ने हजारों करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया है। इससे 2 लाख हेक्टेयर में सिंचाई का पानी मिलने के साथ 13 जिलों को पीने का पानी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा आज पूरे देश में हो रही है। राज्य में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनने पर जन कल्याण की 'सात गारंटियों' को लागू किया जाएगा। जनता का पैसा जनहित में लगाना हमारा ध्येय है। राज्य सरकार ने सात गारंटियां जनता को दी हैं। राज्य में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनने पर कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के संबंध में कानून पारित किया जाएगा, ताकि ओपीएस भविष्य में भी जारी रह सके।



### राजस्थान से कहीं नहीं जाऊंगी: पूर्व सीएम वसुंधरा

वसुंधरा राजे ने कहा कि वह राजस्थान से कहीं जाने वाली नहीं हैं, झालावाड़ से पारिवारिक रिश्ता रहा है। झालरापाटन विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करने के बाद राजे ने राजनीति से संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि मैं कहीं नहीं जा रही हूं। झालावाड़ में शुक्रवार को एक जनसभा के दौरान एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह की प्रगति का जिक्र करते हुए राजे ने कहा था कि उन्हें लगता है कि वे अब संन्यास ले सकती हैं। उस बयान पर यू-टर्न लेते हुए राजे ने कहा कि झालावाड़ हमारे परिवार की तरह है और परिवार में हम बहुत-सी ऐसी बातें साझा करते हैं, जिनका कोई राजनीतिक मतलब नहीं होता। अगर मैंने कल इसके (राजनीति से संन्यास के) बारे में कहा, तो सिर्फ ऐसा इसलिए था, क्योंकि अपने बेटे दुष्यंत का भाषण सुनने और सभी लोगों की प्रतिक्रिया देखने के बाद, एक मां के रूप में मैं बहुत खुश हुई थी। राजे ने कहा कि अब फिर से राजस्थान के अच्छे दिन आने वाले हैं।

### गोसेवा पर भाजपा करती है बातें... हमने किया काम

उन्होंने गोसेवा को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष (भाजपा) केवल गोसेवा की बातें करता है, जबकि हमने सच्चे अर्थों में गोसेवा की है। भाजपा की हमसे पहले वाली सरकार ने अपने पांच साल में सिर्फ 500 करोड़ रुपए गोशालाओं को दिए, वहीं हमने गोशालाओं को 3,000 करोड़ रुपए का अनुदान दिया।

कांग्रेस की छठी सूची जारी: 23 नाम घोषित

# हवामहल से तिवाड़ी, आमेर से शर्मा और विद्याधर नगर से अग्रवाल को टिकट

**अब तक कांग्रेस के 179 सीटों पर प्रत्याशी घोषित**

**सूची में नौ नए चेहरों को दिया गया मौका**

**राहुल की युवाओं को टिकट देने की बात का असर**

**बेधड़क** | जयपुर

लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस ने छठी सूची जारी कर दी है। शनिवार रात जारी हुई सूची में कुल 23 प्रत्याशियों के नाम है। इसके साथ ही कांग्रेस अब तक 179 सीटों पर प्रत्याशी उतार चुकी है। अलबत्ता, 6 सूची के बाद भी मंत्री महेश जोशी और मंत्री शांति धारीवाल का नाम अब तक सामने नहीं आया है। हवामहल से मंत्री महेश जोशी की जगह आरआर तिवारी को टिकट दिया गया है।

सूची में नौ नए युवा चेहरों को भी जगह दी गई है और पायलट गुट के माने जाने अभिमन्यु पूनिया को संगरिया से टिकट दिया है। शाहपुरा से मनीष यादव को मौका दिया गया है। भरतपुर सीट कांग्रेस ने एलायंस आरएलडी के लिए छोड़ दी है। ऐसा कांग्रेस ने लगातार दूसरी बार किया है। चौमूं से इस बार डॉ. शिखा मील बराला को टिकट मिला है, जो नया चेहरा है। इसके अलावा विद्याधर नगर से सीताराम अग्रवाल, दातारामगढ़ से वीरेंद्र सिंह, अलवर शहर से अजय अग्रवाल और आमेर से प्रशांत शर्मा को मैदान में उतारा गया है। शेरगढ़ से मीना कंवर को टिकट दिया गया है। सूची में तीन महिलाएं शामिल हैं।



मनीष यादव



प्रशांत शर्मा




गोपाल मीणा



शिखा मील



आर आर तिवाड़ी



सीताराम अग्रवाल

### अब 21 नाम बाकी

राजस्थान के लिए कांग्रेस ने पांचवीं लिस्ट तक 156 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। छठी लिस्ट में शामिल 23 नामों के साथ ही कांग्रेस ने 179 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। राज्य की सभी 200 सीटों पर 25 नवंबर को मतदान होना है। परिणाम तीन दिसंबर को घोषित होंगे।

### कांग्रेस की लिस्ट

| | |
|---|---|
| सांगरिया | अभिमन्यु पूनियां |
| भादरा | अजीत बेनिवाल |
| डूंगरगढ़ | मंगलराम गोदारा |
| पिलानी | पीतराम काला |
| दांता रामगढ़ | विरेन्द्र सिंह |
| शाहपुरा | मनीष यादव |
| चौमूं | शिखा मील बराला |
| आमेर | प्रशान्त शर्मा |
| जमवारामगढ़ | गोपाललाल मीणा |
| हवा महल | आर आर तिवाड़ी |
| विद्याधर नगर | सीताराम अग्रवाल |
| अलवर शहर | अजय अग्रवाल |
| भरतपुर | आरएलडी के लिए छोड़ी |
| मालपुरा | घासी लाल चौधरी |
| मेड़ता | शिवरतन वाल्मीकि |
| फलौदी | प्रकाश छंगानी |
| लोहावट | किशनाराम |
| शेरगढ़ | मीना कंवर |
| सुरसागर | शहजाद खान |
| आहोर | सरोज चौधरी |
| चौरासी | ताराचंद भगौरा |
| भीलवाड़ा | ओम नारायणीवाल |
| लाडपुरा | नईमुद्दीन गुड्डू |

धरती धूजी, छीनी जिंदगियां

# नेपाल में भूकंप से भारी तबाही, अब तक 157 की मौत... 357 लोग घायल

- नेपाल में भूकंप से भारी मात्रा में जान-माल का नुकसान
- जजरकोट जिला सबसे ज्यादा प्रभावित, 92 लोगों की मौत
- जयपुर में भी देर रात भूकंप के दो से चार झटके हुए महसूस

**एजेंसी** | नई दिल्ली/काठमांडू

नेपाल में शुक्रवार रात आए 6.4 तीव्रता के भूकंप के कारण देश के सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में कम से कम 157 लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हैं, जबकि सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह नेपाल में 2015 के बाद से सबसे विनाशकारी भूकंप है।

नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार भूकंप शुक्रवार रात 11 बजकर 47 मिनट पर आया, जिसका केंद्र जाजरकोट जिले में था। यह स्थान राजधानी काठमांडू से करीब 500 किलोमीटर पश्चिम में है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भूकंप के झटके इतने तेज थे कि इससे सैकड़ों घर ढह गए। राहत और बचाव में लगी एजेंसियों को डर है कि मौत का आंकड़ा अभी काफी ज्यादा बढ़ सकता है। बचाव कार्य सिर्फ कुछ इलाकों में ही संभव हो पाया है। इस भूकंप को उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में भी महसूस किया गया। राजधानी लखनऊ समेत कई शहरों और कस्बों में लोग अपने घरों से निकल आए।



### उपमहापौर भी हुईं काल कवलित

अधिकारियों ने बताया कि भूकंप में मारे गए लोगों में जाजरकोट में नलगढ़ नगर पालिका की उप महापौर सरिता सिंह भी शामिल हैं। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र ने बताया कि शुक्रवार रात आए भूकंप बाद के लगभग 159 हल्के झटके आए। कई लोग फिर से भूकंप आने और मकानों को होने वाले संभावित नुकसान की आशंका से डरकर रातभर बाहर खुले स्थानों पर रहे। सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट के मुताबिक अंधेरे में लोगों को ढही हुई इमारतों के मलबे से लोगों को बाहर निकालते देखा गया।

### भारत में भी महसूस हुए झटके

नेपाल के इस भयानक भूकंप का असर दिल्ली एनसीआर सहित तकरीबन पूरे उत्तर भारत में देखा गया। दिल्ली, बिहार, यूपी, राजस्थान आदि के कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। जयपुर में भी दो-तीन बार ये झटके महसूस हुए।

### भूकंप की तीव्रता में अंतर

नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 6.4 थी, लेकिन जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने बाद में तीव्रता को घटाकर 5.7 कर दिया और अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इसकी तीव्रता 5.6 आंकी। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि जजरकोट में भूकंप के केंद्र के पास के क्षेत्र में संपर्क स्थापित करना संभव नहीं था। जजरकोट 1,90,000 की आबादी वाला नेपाल का एक पहाड़ी जिला है, जहां सुदूर पहाड़ियों में बिखरे हुए गांव बसे हुए हैं। जजरकोट के स्थानीय अधिकारी हरीश चंद्र शर्मा ने कहा कि उनके जिले में 94 लोग मारे गए हैं। यह संख्या बढ़ सकती है।

## जरूरी खबर

### सीएम गहलोत सोमवार को करेंगे नामांकन दाखिल



**जोधपुर।** सीएम गहलोत रविवार दोपहर में जोधपुर आएंगे। वे सोमवार को सरदारपुरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके बाद उम्मेद स्टेडियम में चुनावी सभा में शामिल होंगे। इस सभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संबोधित करेंगे। इस मौके पर कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व प्रदेशाध्यक्ष गोंविद सिंह डोटासरा सहित कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। सीएम गहलोत सुबह साढ़े दस बजे जयपुर से हेलिकॉप्टर से प्रस्थान कर नागौर के भैरूंदा जाएंगे।

### ठूंस-ठूंसकर भरे मिले 35 गोवंश, कंटेनर जब्त

**धौलपुर।** जिले के जयपुर हाईवे स्थित कैथरी गांव के पास टोल प्लाजा पर गश्त के दौरान पुलिस ने एक कंटेनर को पकड़ा। इसमें करीब 35 गोवंश ठूंस-ठूंस कर भरे मिल। गोतस्करों की ओर से कंटेनर में गोवंश को ले जाने की पुलिस टीम को सूचना मिली थी। इस पर टोल प्लाजा के नजदीक सघन नाकाबंदी कर कंटेनर को रुकवाया गया। इसमें करीब 30 से 35 गाय और नंदी ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। कार्रवाई के दौरान चालक और गोतस्कर वाहन से कूद कर खेतों से फरार हो गए। पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर गोवंश को बिजौली गोशाला भेजा।

### वॉकथॉन रैली निकालकर दिया मतदान का संदेश



**सीकर।** जिला निर्वाचन विभाग और कम्युनिटी रेडियो की तरफ से शनिवार को सीकर में मतदान वॉकथॉन का आयोजन किया गया। रैली सीकर के एसके स्कूल खेल ग्राउंड से शुरू होकर बजरंग कांटा, 2 नंबर डिस्पेंसरी, अजमेर बस स्टैंड होते हुए वापस एसके स्कूल ग्राउंड पहुंची। इस मौके पर डीएम सौरभ स्वामी ने कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाना सभी के सहयोग से संभव है। स्वामी ने कहा कि पिछले साल सीकर में मतदान प्रतिशत राज्य से एक प्रतिशत कम था। इस बार हमारा प्रयास है कि यह मतदान प्रतिशत 85 प्रतिशत से ज्यादा रहे। इसी के तहत लगातार मतदाता जागरुकता के लिए विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रतापगढ़ से** भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा में कहा...

# कांग्रेस का तुष्टीकरण में, BJP का सबके विकास में विश्वास

**बेधड़क** | प्रतापगढ़

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने शनिवार को प्रतापगढ़ भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के अपार उत्साह को देखकर खुशी जताई और कहा कि इस बार भाजपा की आंधी नहीं बल्कि सुनाई आएगी।



उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले साढे 9 सालों में केन्द्र की भाजपा सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय को ध्यान मे रखते हुए काम किया। आमजन के जीवन स्तर को उच्च बनाने के लिए केन्द्र सरकार लगातार काम कर रही है। युवाओं को रोजगार और महिलाओं को संबल देने के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार के ये प्रयास सकारात्मक रूप से देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। वही प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने कुर्सी बचाए रखने के लिए पिछले पांच सालों में सिर्फ तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार किया है।

### इस बार भाजपा की आएगी सुनामी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने सभा स्थल पर मौजूद कार्यकर्ताओं और आमजन के अपार सैलाब को देखकर खुशी जताई। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन सभाओं में उमड़ा जन सैलाब बता रहा है कि अबकी बार भाजपा की आंधी नही, तूफान नही बल्की सुनामी आने वाली है। इसमें कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा क्योकि राजस्थान की जनता सब कुछ बर्दाश्त कर सकती है, लेकिन नारी का अपमान, किसानो-युवाओं के साथ वादाखिलाफी, तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और अपने साथ किए गए धौखे को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अपराधों और महंगाई से त्रस्त हो चुकी है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं में पेपरलीक जैसी घटनाओं से निराशा है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कांग्रेस की नीति हमेशा से ही तुष्टीकरण की रही है।

### मजहब के नाम पर टकराव पैदा करती है BJP



**लाडनूं।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह मजहब के नाम पर टकराव पैदा करने की कोशिश करती रहती है, ऐसे में लोगों से उससे सावधान रहने की जरूरत है। पायलट ने लाडनूं में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, 'चाहे कोई बंटवारा पैदा करने, टकराव पैदा करने की कितनी भी कोशिश कर ले, जो भारतीय जनता पार्टी हमेशा करती भी है। मजहब और धर्म के नाम पर कहीं न कहीं टकराव पैदा करने की कोशिश वे करते आए हैं। हमें उनसे सावधान रहना पड़ेगा।' पायलट ने परबतसर से पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में को भी संबोधित किया।

**वायरल वीडियो को भाजपा प्रत्याशी** बता रहीं साजिश

# नौक्षम का दबंग अंदाज... कहा- हमें गोली चलानी भी आती है

**बेधड़क** | भरतपुर

विधानसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच भरतपुर की कामां विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नौक्षम चौधरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वे अलग ही दबंग अंदाज में नजर आ रही हैं। इसमें वे कह रही हैं कि किसी ने ईंट चलाई तो उसका जवाब मैं पत्थर से दूंगी।

वहीं वीडियों में वे यह भी कह रही हैं कि हमें गोली भी चलानी आती है। हालांकि इस वीडियो के वायरल होने के बाद नौक्षम ने दावा किया कि यह वीडिया एडिट किया गया है। मैने ऐसा कुछ नहीं बोला। दरअसल, गुरुवार को भाजपा की ओर से आई तीसरी लिस्ट में नौक्षम चौधरी को भरतपुर की कामां विधानसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। ये वीडियो विमल कुंड के गुर्जर आश्रम का है। हालांकि वीडियो सामने आने के बाद नौक्षम चौधरी की ओर से ये दावा किया जा रहा है कि उनका ये वीडियो एडिट कर शेयर किया जा रहा है, जबकि उन्होंने इस संबंध में ऐसा कुछ नहीं बोला था।

■ सफाई में कहा- वीडियो एडिट कर चलाया, मैने ऐसा कुछ नहीं बोला



### वीडियो में नौक्षम ये कर रहीं ऐलान

सोशल मीडिया पर वायरल हुए नौक्षम चौधरी का यह वीडियो करीब 29 सेकेंड का है। इसमें वे कह रही हैं किसी ने ईंट चलाई तो पत्थर से जवाब दूंगी। ऐलान कर रही हूं.. हमें गोली भी चलानी आती है। हमें सारे काम आते हैं। जूते का जूते से इलेक्शन लड़ना आता है। इसका मैं मंदिर से ऐलान करती हूं। ये वीडियो सामने आने के बाद उन्होंने सफाई देते हुए कहा- मेरे बयान को एडिट कर सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। मैंने कहा था- कामां विधानसभा में पिछले 5 साल से जंगल राज, तानाशाही चल रही है। खनन माफिया वहां काम कर रहे हैं। मेरा बयान था कि जो सताए हुए लोग हैं। जिन पर अत्याचार हुए हैं। हम उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। जिस तरह आमजन को परेशान किया जा रहा है वह हम नहीं होने देंगे। इसके साथ वे ये भी दावा कर रही है कि जिन लोगों ने इसे गलत तरीके से शेयर किया है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई करेंगे।

### 2019 में हरियाणा से लड़ चुकी हैं चुनाव

नौक्षम चौधरी लंदन में पढ़ाई के दौरान भाजपा से जुड़ी। वे हरियाणा में नूंह के पैमा खेड़ा गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने ट्रिपल एमए की हुई है। इसके अलावा उन्होंने लंदन से मास कम्युनिकेशन भी किया है। बताया जा रहा है कि लंदन में पढ़ाई के दौरान उनकी दोस्ती किसी बड़े नेता की बेटी से हुई थी और इसी के चलते वे सात साल पहले बीजेपी से जुड़ गई थीं। 2019 में बीजेपी ने नौक्षम चौधरी को पुन्हाना (हरियाणा) से टिकट दिया और वह कांग्रेस प्रत्याशी के सामने चुनाव हार गई थीं। कामां मुस्लिम बाहुल्य सीट मानी जाती है और ऐसे में पार्टी ने उन्हें इस सीट से उतारा है।

### सरकार ने किया किसानों से धोखा: चौधरी

उधर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीआर चौधरी ने भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जुबानी हमला बोला है। उन्होंने राज्य सरकार एक के बाद एक जनता के सामने झूठ परोसकर छलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ कर्ज माफी के नाम पर किए गए धोखे को लोग भूले भी नहीं थे कि मुख्यमंत्री ने महंगाई राहत शिविर में कामधेनु बीमा योजना के नाम पर पशुपालकों के साथ भी धोखा कर दिया। इस योजना के तहत करीब एक करोड पशुपालकों के रजिस्ट्रेशन किए गए, लेकिन अब तक उनका बीमा नहीं हुआ है। ऐसे में सीएम की घोषणाओं की विश्वसनियता पर सवाल उठने लाजमी है।

**आतिशबाजी के बीच अगवानी**

# BJP प्रत्याशी ने मेहंदीपुर बालाजी और जगदीश भगवान को धोक लगाई



**बेधड़क** | टोडाभीम

भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद शनिवार को पहली बार टोडाभीम पहुंचने पर 'पानी वाले बाबा' रामनिवास मीना के स्वागत में क्षेत्रवासियों ने पलक-पावड़े बिछा दिए। आगरा-जयपुर रोड स्थित बालाजी मोड़ से कैमरी के जगदीश धाम मंदिर तक जगह-जगह लोगों ने आतिशबाजी के बीच उनकी अगवानी की और माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया।

कैमरी के जगदीश धाम मंदिर में 12 गांव की पंचायत हुई। इसमें हजारों लोगों ने भामाशाह रामनिवास मीना के कार्यों की सराहना करते हुए अभिनंदन किया और समर्थन का ऐलान किया। टोडाभीम से भाजपा प्रत्याशी भामाशाह रामनिवास मीना अपने 200 गाड़ियों के काफिले के साथ मेहंदीपुर बालाजी मंदिर पहुंचे। उनके स्वागत में जमकर आतिशबाजी की गई। लोगों ने कई स्थानों पर पुष्प वर्षा की और माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। रामनिवास मीना ने मेहंदीपुर बालाजी में दर्शन किए और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

### पगड़ी की लाज रखेगा सर्वसमाज

कैमरी स्थित भगवान जगदीश के मंदिर में आयोजित सभा में भाजपा प्रत्याशी रामनिवास मीना ने कहा भाजपा का सिंबल और अपनी पगड़ी सभी के समक्ष जमीन पर रखते हुए कहा कि अब इसकी लाज रखना क्षेत्र के लोगों के हाथ में है। इस पर लोगों ने मीना के सिर पर सम्मान पूर्वक पगड़ी रखी और समर्थन का ऐलान किया।

**डॉ. अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण,** मदनमोहनजी किए दर्शन

# ट्रैक्टर पर नामांकन दाखिल करने पहुंचे बसपा प्रत्याशी रविन्द्र मीना

**बेधड़क** | करौली

विधानसभा चुनावों को लेकर नामांकन भरने का सिलसिला पूरे परवान पर है। इसी कड़ी में शनिवार को करौली से बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी एडवोकेट रविन्द्र मीना समर्थकों के काफिले के साथ गाजे-बाजे से नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे।

नामांकन रैली में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मीना के समर्थन में नारे लगाते चल रहे थे। प्रत्याशी रविन्द्र मीना रैली में खुद ट्रैक्टर चलाते हुए शामिल हुए।



इस दौरान लोगों ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के नारे लगाए। बसपा के जिलाध्यक्ष जमुना लाल जाटव ने बताया कि सुबह 9 बजे प्रत्याशी रविन्द्र मीना अपने हजारों समर्थक और कार्यकर्ताओं के साथ अंबेडकर सर्किल पहुंचे और डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बसपा के प्रदेश प्रभारी विजय कुमार बैरवा, जिला प्रभारी शिवसिंह, जिलाध्यक्ष जमुनालाल सहित बसपा के कई प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता और बडी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। इसके बाद मीना की नामांकन रैली मदनमोहनजी मंदिर पहंची, जहां रविन्द्र मीना ने ठाकुरजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। रैली जैन नसियां स्थित बसपा कार्यालय पहुंची, जहां सभा भी आयोजित की गई। इस दौरान कई जगह आतिशबाजी भी की गई।

**दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर** आबकारी विभाग की कार्रवाई

# 42 लाख का डोडा-चूरा बरामद

**बेधड़क** | दौसा

विधानसभा चुनावों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नशा तस्करों, अवैध नकदी परिवहन करने वालों और अपराधी तत्वों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। हाईवे और संदिग्ध इलाकों में लगातार नाकाबंदी कर असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में आबकारी थाना दौसा की टीम ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के डूंगरपूर इन्टरचेंज के पास लालसोट रोड पर नाकाबंदी के दौरान नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। टीम को एक कंटेनर कंटेनर लालसोट रोड से आता हुआ दिखाई दिया।



इसे रुकवाकर चालक विष्णु कुमार से ट्रक में भरे सामान के बारे में पूछा तो उसने हार्डवेयर का सामान होना बताया। शक होने पर कंटेनर की तलाशी ली गई तो इसमें प्लास्टिक के कट्टे रखे पाए गए। इन कट्टों को खोलकर चेक किया तो उसमें डोडा चूरा भरा पाया। पुलिस ने बताया कि प्लास्टिक के 81 कट्टों में करीब 1400 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद हुआ। इसकी अनुमानित कीमत करीब 42 लाख रुपए बताई जा रही है। इस पूरे मामले के बाद आरोपी विष्णु कुमार को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

**चर्चा अवैध सबंध की... पुलिस बता रही घरेलू विवाद**

# भतीजे ने चाची पर चाकू से हमला कर उतारा मौत के घाट

**बेधड़क** | अलवर

जिले में एक महिला पर चाकू से हमला कर हत्या करने का मामला सामने आया है। हत्यारा कोई ओर नहीं बल्कि महिला का भतीजा ही था। पड़ोस में रहने वाले भतीजे ने चाची को लहूलुहान करने के बाद पास में खड़े पड़ोसी युवक पर भी हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना जिले के कठूमर थाना क्षेत्र के गुरुजी वाला मोहल्ले में सुबह 6 बजे की है।

हत्या के बाद आरोपी भतीजा थाने पहुंच गया और सरेंडर कर दिया। प्रारंभिक पड़ताल में हत्या का कारण अवैध संबंध बताया जा रहा है जबकि पुलिस पारिवारिक विवाद बता रही है। एएचओ सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि केसंता देवी



पत्नी घनश्याम जाटव (38) शनिवार सुबह अपने घर के बाहर गायों को चारा डाल रही थीं। आरोपी चंद्र प्रकाश (26) पुत्र बद्री जाटव भी केसंता के घर के पास रहता है और रिश्ते में भतीजा है। सुबह वह हाथ में चाकू लेकर केसंता के पास आया और उस पर पर हमला कर दिया। इस दौरान उसने गर्दन, पेट और सीने पर वार किए।

हमला करते ही महिला अचेत होकर नीचे गिर गई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### भागने पर पकड़ा, तो युवक को किया घायल

हत्या के बाद आरोपी भागने की फिराक में था। इस पर पास में ही खड़े सुनील ने चंद्र प्रकाश को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन चंद्र प्रकाश ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद उसे कठूमर के सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती करवाया गया है। इधर, आरोपी मौके से फरार होकर थाने पहुंच गया और वहां जाकर सरेंडर कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक गुरुग्राम (हरियाणा) की एक कंपनी में नौकरी करता है।

### पुलिस ने शिकायत पर नहीं की थी कार्रवाई

हत्या को लेकर अवैध संबंध की बात कही जा रही है, वहीं पुलिस इसे घरेलू विवाद बता रही है। हालांकि असली वजह तो मामले की छानबीन के बाद ही सामने आएगी। इस मामले पर एसएचओ सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि घरेलू विवाद की वजह से हत्या की गई, लेकिन हम मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं। इधर, हत्या के बाद केसंता के पति घनश्याम जाटव का कहना है कि आरोपी कुछ दिनों से उसे परेशान भी कर रहा था। इसकी गुरुवार को थाने में भी शिकायत दी थी। लेकिन, पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

**सभी युवक गुजरात के रहने वाले**

# बस और कार की भिड़ंत में 4 युवकों की हुई मौत

**बेधड़क** | डूंगरपुर

विपरीत दिशा से जा रही एक कार तेज रफ्तार में निजी बस से टकरा गई। हादसे में 4 युवकों की मौत हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर घायल हो गया। सभी लोग गुजरात के शामलाजी के रहने वाले हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि शव कार में बुरी तरह फंस गए।

दुर्घटना डूंगरपुर के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात करीब 2 बजे हुई। बिछीवाड़ा थानाधिकारी मदनलाल खटीक ने बताया की एनएच-48 पर खजुरी की नाल में रॉन्ग साइड जा रही एक गुजरात नंबर की कार डूंगरपुर जा रही निजी बस से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी की कार के आगे के बोनट के साथ ही ड्राइवर सीट तक के परखच्चे उड़ गए। भीषण हादसे में कार सवार 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर घायल हो गया। थानाधिकारी मदनलाल ने बताया की घायल हिरेन भाई (40) निवासी गेड ईसरी गुजरात का डूंगरपुर अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है। वहीं चारों मृतकों की पहचान सतीश भाई (25), निवासी वेणपुर शामलाजी, अंकित निनामा (25) निवासी वेणपुर शामलाजी, रवि (23) निवासी खारी शामलाजी गुजरात, कौशिक (21) निवासी कुनल रेंडलावाडा, गुजरात के रूप में की गई है।

## जरूरी खबर

### बुनकर बने धनवंतरी ओपीडी के नर्सिंग अधीक्षक



**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल में रामपाल बुनकर को नर्सिंग अधीक्षक धनवंतरी ओपीडी विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने आदेश जारी किए। नए नर्सिंग अधीक्षक बुनकर को नर्सेज नेता सोमसिंह मीणा, मनोज दूब्बी नर्सिंग, हेमराज गुप्ता, सतीश गुप्ता राधेश्याम दायमा रामचंद्र महेंद्र नेहरा सहित कई कर्मचारियों ने उन्हें पदभार ग्रहण करवाया।

### RU के निलंबित प्रोफेसर जयंत सिंह हुए बहाल



**जयपुर।** सीकर जिले में गुरुकुल विश्वविद्यालय में इंस्पेक्शन रिपोर्ट को लेकर राजस्थान विश्वविद्यालय के निलंबित हुए प्रोफेसर जयंत सिंह को शनिवार को बहाल कर दिया है। विवि ने सांख्यिकी विभाग के आचार्य प्रो. जयंत सिंह को गुरुकुल विश्वविद्यालय, सीकर की न्यायिक जांच आख्या में सत्यापन समिति को दोषी नहीं पाए जाने के कारण निलंबन तत्काल रूप से बहाल कर दिया गया है। गौरतलब है कि गुरुकुल शिक्षण संस्थान सीकर ने गुरुकुल यूनिवर्सिटी के नाम से आवेदन किया था, जिसमें सरकार ने 4 सदस्य नियुक्त किए थे। इसमें जयंत सिंह थे, लेकिन जांच के दौरान गुरुकुल युनिवर्सिटी ने तय मानक पूरे नहीं करने के बावजूद सदस्यों ने फर्जीवाड़ा कर दिया था। इसके बाद सिंह को निलंबित कर दिया गया था।

**मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निर्वाचन विभाग की टीम कर रही मतदान के लिए प्रेरित**

# मानव श्रृंखला बनाई और कैंडल मार्च से दिया वोट देने का संदेश

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत निर्वाचन विभाग की ओर से विभिन्न आयोजनों और कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के तहत निर्वाचन विभाग की टीम लोगों के बीच जाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित कर रही है और लोगों को वोट देने के लाभ बता रही है।



### श्रृंखला रही आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रमों की इस कड़ी में शनिवार को जिला स्वीप टीम ने अल्बर्ट हॉल पर मानव श्रृंखला बनाई। जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों और कॉलेज छात्राओं ने मानव श्रृंखला द्वारा वोट-2023 बनाकर आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान यह मानव श्रृंखला सैलानियों, राहगीरों और आमजन के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी रही।

### महिलाओं ने निकाला कैंडल मार्च

मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से परकोटे में शनिवार को स्वीप टीम द्वारा बड़ी चौपड़ से चांदी की टकसाल तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान 400 महिला प्रतिभागियों ने हाथों में मतदाता जागरूकता संदेशों की तख्तियां हाथ में लेकर आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. स्निग्धा शर्मा, जिला स्वीप प्रभारी सैयद असगर नकवी सहित स्वीप टीम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**जल जीवन मिशन घोटाला: धन शोधन मामले में ईडी का छापा**

# 48 लाख नकद और 1 करोड़ 73 लाख बैंक बैंलेस करवाए फ्रिज

**IAS सुबोध अग्रवाल और मंत्रालय के पीए संजय से अब दिल्ली में होगी पूछताछ**

**बेधड़क** | जयपुर

जल जीवन मिशन में कथित घोटाले की जांच में अब पीएचईडी के शीर्ष अधिकारी भी लपेटे में आ रहे हैं। शुक्रवार को ईडी की टीम ने इस मामले में आईएएस अधिकारी एसीएस पीएचईडी सुबोध अग्रवाल समेत वरिष्ठ पीएचईडी अधिकारियों के ठिकानों पर सर्च अभियान चलाया। अभियान में 48 लाख नकदी बरामद और 1.73 करोड़ रुपए बैंक बैलेंस फ्रिज करवाए गए हैं।

बता दें कि शुक्रवार को ईडी की टीम ने प्रदेश में 26 जगह छापेमारी करते हुए कुल 11.03 करोड़ कैश और अन्य सामान जब्त किया है। इसमें 6.50 करोड़ का सोना भी शामिल है। वहीं सर्च अभियान के बाद ईडी कुछ गैजेट्स और डायरी दिल्ली ले गई हैं। एसीएस सुबोध अग्रवाल व मंत्रालय के ओएसडी संजय अग्रवाल को पूछताछ के लिए 16 नवंबर से पहले दिल्ली पहुंचने के लिए कहा है। मामले में यह भी सामने आया कि ईडी की ओर से महेश नगर इलाके में एसीएस सुबोध अग्रवाल के एक पीए से की गई पूछताछ के बाद कुछ दस्तावेज बरामद हुए हैं।




### करीबियों पर शिकंजा

ईडी की टीम ने एसीएस सुबोध अग्रवाल के करीबी बताए जा रहे प्रॉपर्टी डीलर आलोक खंडेलवाल के प्रॉपर्टी में किए गए निवेश के दस्तावेज जब्त किए हैं। इनसे जगतपुरा में जमीनों पर हुए इन्वेस्टमेंट के दस्तावेज बरामद किए हैं। इसके अलावा जोधपुर में एक प्रॉपर्टी कारोबारी के घर से भी ईडी ने दस्तावेज जुटाए हैं।

### बिचौलिए के जरिए ली राशि

ईडी की जांच में सामने आया है कि ठेकेदार ने इरकॉन द्वारा जारी कथित फर्जी कार्य समापन प्रमाणपत्रों के आधार पर और पीएचईडी के वरिष्ठ अधिकारियों को रिश्वत देकर जल जीवन मिशन कार्यों से संबंधित निविदाएं हासिल की। ईडी ने कहा, कई बिचौलियों और प्रॉपर्टी डीलर ने जल जीवन मिशन घोटाले से अवैध रूप से अर्जित धन की हेराफेरी में पीएचईडी अधिकारियों की सहायता की।

### आधी रात तक चली कार्रवाई

ईडी की टीम ने शुक्रवार अलसुबह 6 बजे ही जल जीवन मिशन मामले में संदिग्धों पर छापेमारी मारनी शुरू कर दी है। यह कार्रवाई आधी रात तक जारी रही। करीब 18 घंटों तक चली कार्रवाई में टीम को तीन डायरी, एक पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क मिले। प्रॉपर्टी कारोबारी संजय बड़ाया के नजदीकी प्रॉपर्टी डीलर रामवतार शर्मा के आवास से 45 लाख रुपए की नकदी मिली है।

### दो महीने पहले मिली थी सोने की ईंट

ईडी ने दो महीने पहले भी जयपुर में अलग-अलग जगह छपेमार कार्रवाई की थी। इसमें ढाई करोड़ रुपए कैश और सोने की ईंट मिली थी। ईडी टीम को संजय बड़ाया और कल्याण सिंह कव्या के घर से कई दस्तावेज भी मिले थे। इसी कार्रवाई में सीनियर आईएएस व जलदाय विभाग के एसीएस सुबोध अग्रवाल का नाम सामने आया था।

### यह है मामला

बता दें कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में हर घर तक नल पहुंचाने के मकसद से जल जीवन मिशन योजना के तहत डीआई डक्टर आयरन पाइपलाइन डाली जानी थी। इसमें राज्य और केन्द्र सरकार को अपना-अपना 50-50 प्रतिशत हिस्सा शामिल करना था। आरोप है कि अधिकारियों ने उक्त पाइप की जगह एचडीपीई की पाइपलाइन डलवा दी। वहीं पुरानी पाइप लाइन को ही नई लाईन की जगह बिछाया बताते हुए ठेकेदार को सरकारी खजाने से पैसा दिलाया गया। इसमें यह भी सामने आया कि ठेकेदार पदमचंद जैन ने हरियाणा से चोरी किए पाइप बिछाकर सरकार से करोड़ों रुपए ले लिए। जैन ने फर्जी कंपनी के सर्टिफिकेट लगाकर टेंडर लेते हुए भ्रष्टाचार किया। जबकि इसके बारे में पीएचईडी के अधिकारियों को जानकारी थी।

**एनजीटी ने दिया हेरिटेज निगम को झटका**

## नाइट बाजार अवैध, 266 दिन का 10 हजार रोज के हिसाब से दें जुर्माना

**बेधड़क** | जयपुर

जलमहल की पाल पर नाइट मार्केट लगाने के मामले में हेरिटेज निगम को बड़ा झटका लगा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने इस मामले पर लगी एक याचिका पर सुनवाई के बाद नाइट मार्केट को अवैध करार देते हुए निगम प्रशासन पर 10 हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से (1 नवंबर 2022 से 24 जुलाई 2023 तक यानी 266 दिन) जुर्माना लगाया है।

ये जुर्माना प्रधान मुख्य वन संरक्षक को वसूलने और उसे पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से उपयोग करने के आदेश दिए हैं। एनजीटी में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के वकील अरविंद सोनी की पेश की दलील को स्वीकार करने के बाद जस्टिस शिव कुमार सिंह और ज्यूडिशियल मेंबर डॉ. ए सैंथिल वेल ने ये आदेश दिए। इससे पहले इस मामले पर 2 महीने पहले सुनवाई हुई थी। इस सुनवाई के दौरान जयपुर कलेक्टर, प्रधान वन संरक्षक और राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एक प्रतिनिधि ने मौके की विजिट करके वहां की स्थिति को देखकर अपनी रिपोर्ट दी थी।

### जीवों को हो रहा था खतरा




रिपोर्ट में जलमहल की पाल को इको सेंसिटिव जोन बताया। इसके साथ ही नाइट बाजार के संचालन से यहां के पर्यावरण और जलमहल झील को खतरा होना बताया था। ऐसे में कोर्ट ने नाइट मार्केट पर रोक लगाने के आदेश दिए थे। इसके साथ ही जलमहल झील में हो रहे पॉल्यूशन और वहां के ग्राउंड वाटर की स्थिति पर भी एक रिपोर्ट बनाकर पेश करने के आदेश दिए थे। इस रिपोर्ट को शुक्रवार को हुई सुनवाई में रखा गया, जिसमें बताया कि नाइट मार्केट का वेस्ट और यहां का वेस्ट वाटर बिना ट्रीटमेंट किए जलमहल झील में छोड़ा जा रहा है, जिससे झील में जीव जंतुओं को नुकसान हो रहा था।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें।


### रैली में जय श्री राम से बना सौहार्द




*बेधड़क.जयपुर। हवामहल विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार के समर्थक शनिवार को नामांकन भरने के बाद कलेक्ट परिसर से बाहर निकल रहे थे, इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी आरआर तिवारी भी समर्थकों के साथ नामांकन भरने पहुंचे। दोनों गुटों में जोरदार नारेबाजी का दौर शुरू हुआ। इस दौरान भाजपा के समर्थकों ने जय श्री राम के लगाने शुरू कर दिए, जवाब में कांग्रेस समर्थकों ने जय सियाराम के नारे लगाने शुरू कर दिए। माहौल एकदम हल्का-फुल्का हो गया। दोनों पार्टियों के समर्थकों ने भगवान श्रीराम के समर्थन में एक साथ नारेबाजी कर माहौल को तनाव मुक्त किया।* **-फोटो...** राजेश कुमावत

**जयपुर जंक्शन पर सुरक्षा और यात्री सुविधाओं में लापरवाही**

## त्योहार पर कहीं भारी न पड़ जाए खामियां

**बेधड़क** | जयपुर

दीपोत्सव में सप्ताहभर से कम समय है। बाजार से लेकर बस स्टैंड सभी जगह भीड़ धीरे-धीरे जुटनी शुरू हो गई है। वहीं, पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने भी दीवाली पर सुरक्षा व्यवस्था बनानी शुरू कर दी है। इस बीच रेलवे प्रशासन का यात्रियों की सुरक्षा की तरफ कम ही ध्यान है। त्योहारी समय पर जयपुर जंक्शन पर बरती जा रही सुरक्षा लापरवाही भारी पड़ सकती है। यहां पर स्टेशन की मुख्य बिल्डिंग के एंट्री गेट पर लगा एक मेटल डिटेक्टर सप्ताहभर से ज्यादा समय से खराब पड़ा है। स्टेशन के अंदर एंट्री करने वाले रेलयात्रियों की सही चैकिंग नहीं हो पा रही है। आरपीएफ स्टाफ हेंड मेटल डिटेक्टर से काम चल रहा है। इससे सामान की सही स्कैनिंग नहीं हो पा रही है। मजबूरी में यहां लगी एक ही मशीन पर सामान की जांच की जा रही है। इस पर भी लोड पड़ने पर यह मशीन भी जवाब दे जाती है। मौजूदा आरपीएफ स्टाफ का कहना है कि मशीन का पट्टा टूट गया था। इस बारे में कंपनी को सूचित कर दिया गया था, लेकिन सुधार नहीं होने से हेंड मेटल डिटेक्टर से काम चला रहे हैं। इधर, प्लेटफॉर्म 2 का एस्कलेटर भी दिन में कई बार बंद हो जाता है। मजबूरी में रेलयात्री सीढ़ियां चढ़ते हुए एफओबी आकर स्टेशन से बाहर निकल रहे हैं।



**नीलेश घनश्यामभाई गदिया के आयकर छापे और सर्वे में 6 नए ठिकाने जुड़े**

# बजरी-सिविल कॉन्ट्रेक्टर और सहयोगियों के मिली एक करोड़ की नकदी

- शनिवार को पांच ठिकानों पर सर्वे और एक पर छापा समाप्त
- कुल 21 ठिकानों पर हो रही आयकर कार्रवाई
- 1.25 किलोग्राम वजन की ज्वेलरी और डिजिटल उपकरण किए जब्त
- करीब 100 करोड़ रुपए के लेनदेन का लगा पता

**बेधड़क** | जयपुर

बजरी के एक बड़े ठेकेदार व सिविल कॉन्ट्रेक्टर और उनके सहयोगियों के शुक्रवार को 21 ठिकानों पर शुरू हुई आयकर छापेमारी व सर्वे कार्रवाई में शनिवार को जहां 6 और ठिकाने जुड़े, वहीं पांच ठिकानों पर आयकर सर्वे और एक ठिकाने पर आयकर छापेमारी की कार्रवाई समाप्त भी हो गई है।

शनिवार को दूसरे दिन तक आयकर अधिकारियों ने कार्रवाई में एक करोड़ रुपए की नकदी बरामद की है, जबकि एक लॉकर खोल उसमें रखी एक किलो 250 ग्राम वजन की सोने की ज्वेलरी को जब्त की। आयकर कार्रवाई में अधिकारियों ने अनेक डिजिटल उपकरण भी बरामद किए हैं, जिनमें करीब 100 करोड़ रुपए के लेनदेन की सूचनाएं दर्ज है।

अधिकारी अब इन सूचनाओं का सघन विश्लेषण करेंगे। इसके अलावा कुछ ऐसे दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं, जिनके माध्यम से बोगस रूप से माल की खरीद फरोख्त दिखाई गई और खर्च को अनाप-शनाप दिखाया गया, जिससे आय में कमी दर्शाई जा सके।

शनिवार देर रात तक बजरी ठेकेदार व सिविल कॉन्ट्रेक्टर और उनके सहयोगियों के 21 ठिकानों पर आयकर सर्वे और छापेमारी की कार्रवाई जारी रही। बताया जा रहा है कि जो नए ठिकाने जुड़े हैं, वे बजरी ठेकेदार व सिविल कॉन्ट्रेक्टर के कारोबारी सहयोगियों के हैं।



### कई बार शिकायत

जानकारी मिली है कि सरकारी योजनाओं में किए गए उनके घटिया निर्माण व मनमानी लागत को लेकर कई लोगों ने शिकायतें भी दर्ज कराई, लेकिन इन शिकायतों पर नीलेश घनश्यामभाई गदिया और उनके सम्पर्कों के चलते विशेष जांच तक नहीं हुई और शिकायतों को दफ्तर दाखिल कर दिया गया।

### मोटा मुनाफा कमाया, आयकर चुकाने में की कंजूसी

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा बजरी के एक बड़े ठेकेदार व सिविल कॉन्ट्रेक्टर नीलेश घनश्यामभाई गदिया और उनके रिश्तेदारों व सहयोगियों कार्रवाई कर उसकी काली कमाई को उजागर करने का प्रयास कर रही है। यह सभी लोग राज्य सरकार की विभिन्न निर्माण योजनाओं के लिए टर्नकी प्रोजेक्ट के आधार पर कार्य करते रहे हैं। इनमें से राजस्थान विधानसभा के सामने बने कांस्टिट्यूशन क्लब, विधायक निवास के अलावा राजस्थान आवासन मण्डल की कुछ परियोजनाओं का कार्य पूरा भी हो चुका है, जबकि कुछ परियोजनाएं निर्माणाधीन है। सूत्रों का कहना है कि टर्न-की प्रोजेक्ट्स के नाम पर इन लोगों ने अधिकारियों से मिलीभगत और अपने प्रभाव का उपयोग कर सरकार से काफी अधिक मूल्यों पर कॉन्ट्रेक्ट प्राप्त किए और मोटा मुनाफा भी कमाया, लेकिन इस मुनाफे पर आयकर चुकाने में कंजूसी की गई, जिसकी शिकायतें आयकर विभाग तक पहुंची और प्राथमिक जांच में शिकायतों की पुष्टि होने के बाद आयकर विभाग ने इस कार्रवाई की शुरुआत की।

### विधायक निवास का ठेका अधिक दर पर!

सूत्रों का दावा है कि नीलेश घनश्यामभाई गदिया व उनके सहयोगियों ने विधायक निवास निर्माण का ठेका भी काफी अधिक दर पर आवंटित कराया, लेकिन जो खर्च हुआ वह काफी कम था। इस मामले में कई स्तर पर अधिकारियों को कमीशन की बंदरबाट के भी आरोप लगे, लेकिन हुआ कुछ विशेष नहीं। इसी तरह राजस्थान आवासन मण्डल ने नीलेश घनश्यामभाई गदिया को बाजार भाव की तुलना में काफी कम कीमत पर एक भूखण्ड का आवंटन करने की भी तैयारी कर ली थी, लेकिन इसकी भनक लगने के बाद कड़ा विरोध शुरू हो गया और यह आवंटन परवान नहीं चढ़ सका। बताया जाता है कि इस मामले को लेकर सांसद किरोड़ी लाल मीणा भी सक्रिय हुए थे।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


शाश्वत सनातन

*मध्यप्रदेश के ओरछा में स्थित राजा राम मंदिर एक अद्वितीय स्थल है, जहां भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यहां उनके लिए वीआईपी ट्रीटमेंट के अनूठे कानून का पालन किया जाता है। यहां की पुलिस द्वारा राजा रामचंद्र को गार्ड ऑफ ऑनर का सम्मान किया जाता है। मंदिर में दर्शनार्थियों को पान का बीड़ा और इत्र की कली के रूप में प्रसाद भी दिया जाता है। इसके पीछे कई कथाएं भी हैं, जैसे रानी कुंवर गणेशकुंवरी की तपस्या और भगवान राम के आदेश पर महाराजा मधुकरशाह का राज्याभिषेक।*

## राजा के रूप में पूजे जाते हैं दशरथ नंदन, सुबह-शाम बंदूकों से दी जाती है सलामी

# ओरछा में 'वीआईपी' भगवान श्रीराम

भगवान राम के कई मंदिरों के बारे में आपने सुना या पढ़ा होगा, लेकिन क्या आपको पता है कि एक मंदर ऐसा है जहां प्रभु श्रीराम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यही नहीं यहां पर उन्हें वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जाता है। सुबह-शाम दोनों वक्त वहां की पुलिस उन्हें बंदूकों से सलाम देती है। यह मंदर है आरेछा का राजा राम का मंदिर। ओरछा मध्यप्रदेश के बुंदेल खंड में है। ओरछा में श्रीराम, भगवान और राजा, दोनों रूप में पूजे जाते हैं। कहा जाता है कि ओरछा में कोई भी वीआईपी नहीं है। अगर कोई वीआईपी है, तो वह राजा रामचन्द्र हैं। मध्य प्रदेश पुलिस के जवानों के द्वारा सूर्यास्त और सूर्योदय के समय राजा रामचन्द्र को बंदूकों की सलामी अर्थात गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाता है। ओरछा में यह गार्ड ऑफ ऑनर बाकी किसी को भी नहीं दिया जाता। ऐसा माना जाता है कि त्रेतायुग में राजा दशरथ अपने पुत्र राम का राज्याभिषेक नहीं कर सके। ऐसे में राजा मधुकर शाह ने अपना कर्त्तव्य निभाया और राजा रामचन्द्र का राज्याभिषेक किया और अपना राज्य राजा रामचन्द्र को सौंप दिया।



### महारानी 8 माह 28 दिन पैदल चलकर लाई थीं विग्रह

मंदिर की चौखट में जड़े शिलालेख के अनुसार मधुकरशाह की रानी कुंअर गनेश भगवान श्रीराम को विक्रम संवत 1631 (सन् 1574) में चैत्र शुक्ल की नवमी को ओरछा लेकर आईं। वि.सं. 1630 श्रावण शुक्ल पंचमी के पुख्य नक्षत्र में महारानी अवधपुरी से रवाना हुई और चैत शुक्ल नवमी वि.स. संवत 1631 अर्थात सोमवार सन् 1574 में ओरछा पहुंचीं थीं। ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार महारानी, भगवान राम को अयोध्या से लेकर ओरछा तक आने में पुष्य नक्षत्र में कुल 8 माह 28 दिनों तक पैदल चलीं। इसके बाद उनकी योजना भगवान राम को सन् 875 में बने चतुर्भुज मंदिर में स्थापित करने की थी, लेकिन उन्होंने भगवान राम के विग्रह को उस स्थान पर रख दिया, जहां आज रामराजा मंदिर का निर्माण किया गया है। भगवान राम अपनी शर्त के अनुसार वहीं स्थापित हो गए, जिसके कारण उसी स्थान पर मंदिर का निर्माण किया गया।



### पान का बीड़ा और इत्र की कली का मिलता है प्रसाद

*हर मंदिर में प्रसाद अलग-अलग प्रकार का चढ़ता है, लेकिन ज्यादातर जगहों पर मिश्री-मखाने और ड्राईफ्रूट्स चढ़ाए जाते हैं। इन सबसे अलग आरेछा के राजा राम के मंदर में प्रसाद भी अनूठा चढ़ता है। प्रतिदिन सुबह और शाम की आरती के बाद दर्शनार्थियों को भगवान के प्रसाद के रूप मे पान का बीड़ा और इत्र की कली वितरित किए जाते हैं। यह परंपरा पुरातन काल से है जो आज तक निभाई जा रही है।*



### ओरछा के राम अयोध्या में करते हैं शयन

*ओरछा के राम मंदिर में प्रतिदिन रात में संध्या आरती के बाद ज्योति निकलती है, जो कीर्तन मंडली के साथ पास ही स्थित पाताली हनुमान मंदिर ले जाई जाती है। मान्यता है कि ज्योति के रूप में भगवान श्रीराम को वहां पर ले जाया जाता है, जहां से हनुमान जी शयन के लिए भगवान श्रीराम को अयोध्या ले जाते हैं। इसलिए बुंदेलखंड में कहते हैं कि 'राम के दो निवास खास, दिवस ओरछा रहत, शयन अयोध्या वास।' यानी श्रीराम के दो निवास हैं, दिनभर ओरछा में रहने के बाद शयन के लिए भगवान राम अयोध्या चले जाते हैं। यहां राजा श्रीराम का शासन चलता है।*

### मंदिर को लेकर कई कथाएं प्रचलित

1. ओरछा के इस मंदिर को लेकर कई कहानियां प्रचलित है। इनमें से एक कहानी यह है कि एक बार भगवान राम ने ओरछा के राजा मधुकरशाह को स्वप्न में दर्शन दिए थे। इसके बाद मधुकरशाह भगवान श्रीराम के आदेश पर अयोध्या से उनकी प्रतिमा लाए थे। राजा ने मूर्ति को मंदिर में स्थापित करने से पहले एक जगह पर रख दिया। प्राण-प्रतिष्ठा के वक्त मूर्ति को वहां से हटाया जाने लगा तो वो ऐसा नहीं कर पाए। तब मधुकरशाह को भगवान का निर्देश याद आया कि वो जिस स्थान पर विराजमान हो जाएंगे, वहां से हटाए नहीं जाएंगे। यही वजह है कि रामलला सरकार महल में विराजे हैं।
2. एकबार यहां के राजा मधुकरशाह ने अपनी पत्नी गणेशकुंवरी से वृंदावन चलने के लिए कहा था, लेकिन रानी हर वक्त भगवान राम की भक्ति करती रहती रहती थी। इसलिए उन्होंने महाराज के साथ जाने से इनकार कर दिया तो राजा ने उन्हें गुस्से में कहा कि अगर तुम इतनी ही बड़ी रामभक्त हो तो अपने राम को ओरछा में लाकर दिखाओ। राजा की बात सुनकर रानी ने अयोध्या के सरयू तट पर साधना शुरु की। जहां उन्हें संत तुलसीदास का आशीर्वाद भी मिला था। कई महीनों की तपस्या के बाद जब रामजी ने उन्हें दर्शन नहीं दिए तो रानी हताश होकर नदी में कूद गई। इसके बाद उन्हें रामजी के दर्शन हुए। इस दौरान रानी ने भगवान राम से ओरछा चलने का निवेदन किया तो राम ने उनके सामने एक शर्त रखी। उन्होंने कहा कि वो ओरछा तभी जाएंगे जब वहां सत्ता और राजशाही होगी। और यह भी कि वे बाल रूप में पुष्य नक्षत्र में ही जाएंगे। महारानी ने उनकी सब शर्तें मान लीं। इसी के बाद महाराजा मधुकरशाह ने ओरछा में राम राज्य की स्थापना की।







कविता

## हलधर



सुनील कुमार महला
साहित्यकार

हमारे पास क्या है?
हलधर हैं हम, हमारे पास है तो
बस मिट्टी से लथपथ खेत,
ईश्वर के रहमो-करम से बरसा
बारिश का मैला सा पानी !
खुले में घुरघुराते हैं ऊंट
रंभाती गायें बंधी हैं खूंटों से
बछड़ों और भेड़ों की मिमियाहटें
मैं SS-मैं SS, बा-बा' की
ध्वनियां निकालती कुछ
बकरियां हैं
कुदाली, फावड़ा की खुदाई
मेहनत का पसीना
नातने में बंधी हुई सूखी रोटियां
सिलबट्टे पर रगड़ी हुई
प्याज और लहसुन की चटनी
आधुनिक चकाचौंध से दूर
यहां खेत-ढाणियों में आज भी
रात के आगोश में चिमनियां
भिनभिनाती हैं
ब्रह्मांड भर नींद
सुकून और शांति भी है
फूस और टीन का छप्पर भी है
हमें इस 'धरती की मिट्टी ' ने
देखा है
किसी और ने नहीं
अमिट इबारत लिखते हैं हम
हल की नोंक से
हमारे पास झूठ का पुलिंदा
मौजूद नहीं है
नदी भर कर्ज जरूर मौजूद है
हमारे छप्परों से कभी बेईमानी
नहीं झांकतीं
लेकिन,
सदियों ने हमें सताया है
बेशर्म ठहाकों के बीच सदियों
से हम हलधर
तपती धरती के तंदूर को
ललकारते हैं
वक्त की अलिखित कविता हैं
हम हलधर
साजिशों, षड़यंत्रों और चालों
में भी
हमारे हल की नोंक धुंधली
नहीं होती
तूफानों, झंझावातों को झेलते
धरती में गड़ा-पड़ा बीज
हमारे आगे
उगने से इनकार नहीं करता
पूरी दुनिया का पेट
हम भरते हैं।
लेकिन, दुखद यह है कि
जमाने का 'अत्यंत शक्तिशाली
स्कैनर' भी
आज तलक
हम हलधरों के खून-पसीने से
लिखी इबारत
को नहीं पढ़ पाया।

शब्दों की सीख

# बूढ़ी अम्मा के खेत का बाजरा



डॉ.कांता मीना
शिक्षाविद एवं साहित्यकार

सुरक्षा गार्ड ने बंगले के अंदर बैठे गार्ड को वायरलेस से फोन लगाया तो उधर से आवाज आई- इतनी रात को कोई प्रलय आ गई क्या? जो तुम फोन कर रहे हो।

-सर प्रलय तो नहीं आई पर एक अंधेड़ उम्र की महिला साहब से मिलने की जिद कर रही है।

-क्यों क्या हो गया?

-पता नहीं सर आप जरा बाहर आकर देख लेते।

-अभी आता हूं।

गार्ड रामनाथ बाहर आते हुए बोलता है-सूर्यप्रकाश जी आप भी ना, दो घड़ी आराम नहीं करने देते हो। सर मैं क्या करता है बूढ़ी अम्मा को देखकर मुझे अपनी अम्मा की याद आ गई। देखिए ना कोई विशेष काम ही होगा, नहीं तो महानगरों में कहां कोई इतनी दूर से आता है। कहां से आई है। साहब के क्षेत्र से है। कौन सा क्षेत्र, साहब के हर क्षेत्र में प्रशंसक है। पर इसे देखकर लगता है ये प्रशंसक नहीं है। अभी देख लेते हैं। अम्मा कहां से आई हो। अम्मा पहले तो चुप रहीं फिर बोलीं- गांव से। रामनाथ गार्ड ने फिर पूछा-कौन सा गांव है अम्मा आपका? गांव तो वही है जो आपके साहब का है। अरे अम्मा साहब का कोई गांव नहीं है साहब का तो क्षेत्र है। पहले यह बताओ इतनी रात को क्यों आई हो। वो सब तो में साहब को ही बताऊंगी। मुझे साहब से मिलवा दे बेटा तेरा भगवान भला करेगा। रामनाथ गार्ड फिर बोला- भगवान भला करता तो इतनी रात को क्यों यह आफत आती। बेटा में कोई आफत नहीं। अरे अम्मा तुम्हें नहीं पता साहब के स्वभाव का कब, कहां और कैसे बदल जाए। अम्मा की आंखों से आंसू निकल रहे थे। फिर भी वो उन्हें छुपाने की कोशिश कर रही थी। यह देख सूर्यप्रकाश सिफारिश करते हुए बोला-सर कुछ ना कुछ करके अम्मा को साहब से मिलवा दीजिए ना। अरे सूर्यप्रकाश जी आप बात बात पर भावुक को जाते हो। हमारी नौकरी भावना से नहीं होती है और भावना हो भी तो भीतर छुपा कर रखनी पड़ती है।

चुनावी माहौल है कौन सच बोल रहा है कौन झूठ, हमें चौकन्ना रहना पड़ता है। फिर भी मैं अंदर जाकर बात करता हूं बड़े साहब से। अच्छा अम्मा तुम्हारा कोई पहचान पत्र है क्या? अम्मा बोली हां बेटा अभी बनवाया है मेरी बेटियों ने, देखो यह रहा। रामनाथ गार्ड ने अम्मा का पहचान पत्र



लिया और अंदर गया बड़े साहब के पास। साहब फोन पर गुप्तगु करने में व्यस्त थे। हां! बोलो रामनाथ क्या हुआ। इतनी रात को क्या आफत आ गई। अच्छा अभी रुको तो जरा, उधर अपनी पत्नी से कहा अभी फोन करता हूं। अब बताओ क्या हुआ। सर एक अम्मा बाहर साहब से मिलने की जिद लगाए बैठी है।

क्यों मिलना चाहती है। सर यह तो पता नहीं, कहती हैं साहब को ही बताऊंगी। यह उसका पहचान पत्र। अरे यह तो साहब के क्षेत्र की है। हां साहब इसलिए आपको बताना जरूरी समझा। तो क्या करें, साहब को जगा दें क्या? अरे नहीं ऐसा करो अम्मा से कहो अंदर जाकर प्रतीक्षालय में आराम करें। सुबह साहब से मिलता देंगे। ठीक है सर, रामनाथ बाहर आकर बोले अम्मा से बोले-अभी तो साहब सो रहे हैं। आप ऐसा करो अंदर चलकर आराम कर लो। सुबह होते ही मिलवा देंगे। अम्मा ने अपनी पोटली ली और अंदर जाकर बैठ गई। यह तो अम्मा बड़े साहब बड़े दिलवाले हैं, नहीं तो इस समय परिंदा भी पर नहीं मार सकता साहब के बंगले में। अम्मा चुप थी और इंतजार करने लगी सुबह होने का। उधर, बड़े साहब दूर से ही बैठे अम्मा की तरफ निगाहें लगाए हुए थे। इधर अम्मा सुबह होने का इंतजार कर रही थी। रात्रि का आधा पहर बीत गया तभी कुछ हलचल हुई।

अचानक से साहब बाहर घूमने लगे। साहब को आधी रात को बगीचे में घूमता देखा तो बड़े साहब अपनी कुर्सी से उठ बैठे और साहब के पास जाकर बोले। साहब सब ठीक है ना। अरे कुछ नहीं थोड़ी बैचेनी हो रही थी। इसलिए बाहर आ गया। साहब आप कहें तो डॉक्टर को बुलवा लेता हूं। अरे नहीं दीपक, इतनी भागा दौड़ी की वजह से थोड़ी बहुत हरारत हो रही है। साहब आपको हरारत हो रही है, इधर एक और है जिसे भी नींद नहीं आ रही है। कौन है? सर वो बूढ़ी अम्मा। वो कहां से आई है? साहब आपसे मिलने की जिद लगाए बैठी है। बाहर रात हो गई थी हमने सुबह का इंतजार करने के लिए कह दिया। ऐसा करो, अम्मा को मेरे पास ले आओ। ठीक है साहब, ये रहा अम्मा का पहचान पत्र। उधर, साहब पहचान पत्र देख रहे थे। अरे अम्मा इतनी रात को आपने क्यों तकलीफ की मुझे बुलवा लिया होता। मैं स्वयं आ जाता। अम्मा ने साहब के सिर पर हाथ रखा और बोली-बेटा तू कहां आता है। पांच साल में एक दो बार आया होगा। सोचा समस्या मेरी है तो मैं ही चलती हूं।

अरे अम्मा के लिए चाय लाओ। अम्मा खाना तो खाया ना आपने रात को। बड़े साहब समझ नहीं पा रहे थे कि साहब पहले से अम्मा से परिचित हैं या यह चुनावी मौसम की खुमारी है। जो अम्मा से इतनी मीठी-मीठी बातें कर रहे हैं। साहब खड़े-खड़े दोनों की बातें सुन रहे थे। बेटा देख मेरे पास डेढ़ बीघा जमीन है। जम के किसानी करती हूं। खूब मेहनत करती हूं। दो बेटियों की शादी कर दी। एक बेटा है।

साहब बोले यह तो अच्छी बात है अम्मा। पर इतनी रात को मेरे पास किस काम से आई हो अम्मा। मेरा जो बेटा है वो आपके फैंस क्लब का सदस्य बन गया है। आप पिछली बार आए थे ना जब से मेरा बेटा घर नहीं आया। रात दिन प्रचार-प्रसार करता रहता है। बेटा पढ़ने में इतना होशियार है कि जिस परीक्षा में बैठता है उसी में पास हो जाता है, पर उसके ऊपर नेतागिरी का भूत सवार है। आप कहेंगे तो मान जाएगा। अम्मा क्या नाम है आपके बेटे का। मेरे बेटे का नाम नायक है। मैं पता करता हूं अम्मा और आप चिंता मत करो, आप कहोगी तो उसे लेकर खुद घर आ जाऊंगा। अम्मा बोली देख बेटा अपना दुख सुनाते-सुनाते कब सुबह हो गई पता ही नही चला। अच्छा मेरी डेढ़ बीघा जमीन से कुछ बाजरा लाई हूं। आपके बगीचे की चिड़ियों के लिए रोज थोड़ा-थोड़ा दाना डाल देना पुण्य मिलेगा। तभी साहब की मोहतरमा वहां आ गई।

अरे यह क्या? लगता है चुनावी चिंता में आपको नींद नहीं आई। यह आपके हाथ में क्या है? कुछ नहीं एक अम्मा अपने खेत से बाजरा लाई थी उपहार में। अरे उपहार में कोई बाजरा देता है क्या? साहब ने बाजरे के दाने अपनी मुट्ठी में लिए और चिड़ियों की ओर फैला दिए। चिड़िया बाजार चुगने लगी। तभी न जाने कहां से एक सफेद कबूतर आया और साहब के हाथ पर बैठ गया और बाजरे के दाने खाने लगा। मोहतरमा बोलीं- क्या बात है लगता है अम्मा के खेत का बाजरा मीठा है और दोनों एक दूसरे की ओर देखने लगे। उधर, सफेद कबूतर ने बाजरे के दाने चुगे और उड़ गया।

**छत्तीसगढ़ की चुनाव परिक्रमा:** प्रथम चरण का मतदान 7 को, राज्य में सियासी घमासान चरम पर

# राहुल ने बस्तर में आदिवासी मतदाताओं को साधा, PM मोदी को घेरा

■ राहुल ने किया सवाल: यदि देश में एक ही जाति गरीब तो पीएम खुद को ओबीसी क्यों कहते हैं?

एजेंसी | जगदलपुर

छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के लिए मतदान में अब दो दिन शेष रह गए हैं। प्रथम चरण में 20 सीटों पर 7 नवंबर को मतदान होगा। इस बीच, राज्य में चुनावी घमासान तेज हो गया है। शनिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के चुनावी दौरे पर थे। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया है कि यदि वह कहते हैं कि देश में सिर्फ एक ही जाति 'गरीब' है तब वह खुद को बार-बार 'ओबीसी' क्यों कहते हैं? राहुल गांधी गांधी ने शनिवार को बस्तर जिले के जगदलपुर जिला मुख्यालय में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उनका पूरा भाषण आदिवासियों पर केंद्रित रहा और उन्होंने कांग्रेस की योजनाओं को गिनाते हुए आदिवासी वोटरों को साधने का प्रयास किया। गांधी ने कहा कि भाजपा के नेता आदिवासियों को वनवासी इसलिए कहते हैं क्योंकि वह आदिवासियों को दिखाना



चाहते हैं, उनकी जगह कहां होनी चाहिए। राहुल ने आदिवासी बाहुल्य बस्तर जिले में चुनावी रैली में कहा, हम सब जानते हैं कि इस देश में आदिवासी हैं, आदिवासी भाषाएं हैं, आदिवासी संस्कृति हैं और आदिवासी इतिहास है। यहां दलित हैं, दलितों के साथ अपमान किया जाता है, उन्हें हर रोज तंग किया जाता है। पिछड़ों को जो हक मिलना चाहिए वह नहीं मिलता। लेकिन हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री कहते हैं कि हिंदुस्तान में सिर्फ एक जाति है, वह गरीब है। यदि एक ही जाति है तो फिर आप अपने हर भाषण में क्यों कहते रहते हैं कि मैं ओबीसी हूं। गांधी ने कहा कि भाजपा के नेता आदिवासियों को वनवासी कहते हैं।

## कांग्रेस ने अंग्रेजों को भगाया, छापों से नहीं डरा सकते: खरगे

**बालाघाट (मप्र)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस द्वारा अंग्रेजों को देश से वापस भेजने का जिक्र करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में केंद्रीय एजेंसियों की हालिया छापेमारी उनके कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ के साथ साथ भाजपा शासित मध्य प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव में जीतेगी। वह शनिवार को मप्र के नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले के कटंगी शहर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे, जहां 17 नवंबर को मतदान होना है। खरगे ने कहा, मैं शुक्रवार को छत्तीसगढ़ में था। मोदी साहब और शाह साहब की फौज भी वहां थी। वे सोच रहे हैं कि इन छापों से कांग्रेस कार्यकर्ता घर बैठ जाएंगे लेकिन ऐसा नहीं होगा। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस निश्चित तौर पर जीत हासिल करने जा रही है। कांग्रेस भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर विभिन्न छापों के माध्यम से छत्तीसगढ़ में अपनी सरकार को निशाना बनाने एवं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर (आईटी) को हथियार बनाने का आरोप लगा रही है। कांग्रेस ने ताजा आरोप शुक्रवार को लगाया जब ईडी ने दावा किया कि फोरेंसिक विश्लेषण और 'कैश कूरियर' के बयान से चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं कि महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रमोटरों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अब तक लगभग 508 करोड़ रुपये का भुगतान किया है ।

## आबकारी मामले में कविता का नंबर भी आएगा: ठाकुर



**हैदराबाद।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि जांच एजेंसियां दिल्ली आबकारी नीति मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता सहित किसी को भी नहीं बख्शेंगी। मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपपत्र में कविता के नाम का उल्लेख किया गया था। ठाकुर ने उन आरोपों को खारिज कर दिया कि भाजपा का तेलंगाना में सत्तारूढ़ दल भारत राष्ट्र समिति के साथ कोई मौन सहमति है। ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भाजपा का बीआरएस के साथ कोई समझौता नहीं है।

## छत्तीसगढ़: चुनाव से पहले भाजपा नेता की हत्या

**नारायणपुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिले नारायणपुर में संदिग्ध नक्सलियों ने भाजप) के नेता और जिला पंचायत सदस्य रतन दुबे की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। हत्या की यह घटना उस समय की है, जब दुबे झाराघाटी थाना क्षेत्र में पार्टी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे थे कि तभी उन पर नक्सलियों ने हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस का एक दल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया और शव को बरामद कर जिला मुख्यालय भेजा गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भाजपा की राज्य इकाई के प्रभारी ओम माथुर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दुबे की नक्सलियों ने उस समय हत्या कर दी जब वह चुनाव प्रचार पर निकले थे।

**पीएम मोदी की घोषणा:** मुफ्त राशन योजना पांच साल के लिए बढ़ेगी

# CM बघेल को घेरा, सट्टेबाजी एप के आरोपियों से रिश्ते पर सवाल


■ छत्तीसगढ़: लूट के पैसे से घर भर रहे कांग्रेस नेता

एजेंसी | दुर्ग / रतलाम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में चुनाव सभाओं को संबोधित किया और जमकर कांग्रेस पर निशाना साधा। भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में सत्ता में वापसी और मध्य प्रदेश में अपनी सत्ता कायम रखने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है।

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक चुनावी रैली में पीएम मोदी ने राज्य में पिछले दिनों प्रवर्तन निदेशालय के छापों को लेकर राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को राज्य की जनता को बताना चाहिए कि दुबई में बैठे घोटाले (महादेव सट्टेबाजी एप) के आरोपियों के साथ उनके क्या संबंध हैं।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि कोरोना के दौरान शुरू की गई देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली योजना को भाजपा सरकार अगले पांच साल के लिए और बढ़ाएगी। बाद में पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश के रतलाम में एक चुनावी रैली में भी अपने इस वादे को दोहराया और कहा कि लोगों के सपनों को पूरा करना मोदी का संकल्प है। पीएम मोदी ने दुर्ग जिले में रैली में कहा, छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार आपको लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। इन्होंने तो महादेव (महादेव सट्टेबाजी ऐप को लेकर) के नाम को भी नहीं छोड़ा है। दो दिन पहले ही रायपुर में बहुत बड़ी कार्रवाई हुई है। वहां रुपयों का बहुत बड़ा ढेर मिला है। लोग कह रहे हैं कि यह पैसा सट्टेबाजों का है, जुआ खेलने वालों का है, जो उन्होंने छत्तीसगढ़ के गरीबों को, छत्तीसगढ़ के नौजवानों को लूट कर जमा किया था।



### कांग्रेस ने ओबीसी पीएम को गाली दी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस कभी नहीं चाहती कि गरीबों का कल्याण हो और वह चाहती है कि गरीब, गरीब ही रहें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ओबीसी प्रधानमंत्री को गाली दी। कांग्रेस ओबीसी समुदाय को गाली क्यों देती है? यह 'साहू' (छत्तीसगढ़ में एक प्रभावशाली ओबीसी समुदाय) को चोर क्यों कहते हैं।

## कांग्रेस नेता, उनके बयान, घोषणाएं सब फिल्मी

### मध्यप्रदेश: कांग्रेस नेताओं में हो रही है बेटों के भविष्य की लड़ाई

रतलाम (मप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमल नाथ के 'कपड़े फाड़ने' वाले एक बयान पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता, उनके संवाद और उनकी घोषणाएं सब फिल्मी हैं। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह का नाम लिए बिना मोदी ने कटाक्ष करते हुए कहा,कांग्रेस के दो नेताओं के बीच कपड़े फाड़ने की प्रतियोगिता चल रही है। रतलाम में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता फिल्मी हैं, उनके संवाद फिल्मी हैं, उनकी घोषणाएं फिल्मी हैं, उनके किरदार भी फिल्मी हैं और जब किरदार फिल्मी हैं तो जाहिर तौर पर सीन भी फिल्मी होगा।

### कांग्रेस आदिवासी विरोधी

कांग्रेस पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने उनके खिलाफ पूर्व भाजपा नेता (यशवंत सिन्हा) को खड़ा करके पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी का विरोध किया।

### कांग्रेस के पास नहीं विकास का रोडमैप

मोदी ने कहा कि देश हो या मध्य प्रदेश, कांग्रेस की झूठी घोषणाओं का भोंपू ही बज रहा है। मध्य प्रदेश के विकास के लिए ठोस रोडमैप क्या होगा, ये कांग्रेस को पता तक नहीं । इतनी दूर की कांग्रेस सोच ही नहीं सकती है।भाजपा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव जीतेगी।

**मुख्यमंत्री बघेल का पलटवार**

## महादेव एप के प्रमोटरों के साथ हैं भाजपा नेताओं के संबंध: बघेल

एजेंसी | रायपुर



महादेव सट्टेबाजी ऐप के संबंध में अपने ऊपर लगे आरोपों के बीच, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा नेताओं पर ऐप के प्रमोटरों के साथ संबंध होने का आरोप लगाया और कहा कि इसीलिए उनके खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप में धनशोधन की जांच के सिलसिले में शुक्रवार शाम को जारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रेस नोट को भाजपा का दूसरा घोषणापत्र बताया। उन्होंने महादेव ऐप सट्टेबाजी मामले पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, ये लोग सीधी लड़ाई नहीं लड़ सकते हैं, इसलिए ईडी के माध्यम से चुनाव लड़ रहे हैं। शुक्रवार को घोषणा पत्र जारी हुआ। एक घोषणा पत्र हिंदी में था जो भाजपा ने जारी किया। दूसरा घोषणा पत्र शाम को जारी हुआ वह अंग्रेजी में था, वह ईडी के लेटर पैड में था।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा, प्रधानमंत्री जी पूछ रहे हैं कि दुबई के लोगों से क्या संबंध है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि दुबई के लोगों से आपके क्या संबंध है। क्यों लुकआउट सर्कुलर जारी होने के बाद उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई। महादेव ऐप बंद क्यों नहीं हो रहा है ?इसका मतलब है आपके संबंध हैं, प्रधानमंत्री जी। आपके पार्टी के लोगों के संबंध है।

### गिरफ्तारी की जिम्मेदारी सरकार की

उन्होंन कहा कि गिरफ्तारी की जिम्मेदारी तो भारत सरकार की है। क्यों महादेव एप बंद नहीं हुआ, बंद करने की जिम्मेदारी तो भारत सरकार की है। मैं प्रधानमंत्री से पूछता हूं कि आपका और आपके लोगों के साथ क्या सौदा हुआ है। और अगर सौदा नहीं हुआ तो (आप) एप बंद क्यों नहीं करते। और बंद नहीं कर रहे हैं तो इसका मतलब आपने सौदा कर लिया है।

**मिजोरम में** विधानसभा चुनाव को लेकर बोले लालसावता

## कांग्रेस 25 से अधिक सीट जीतेगी

एजेंसी | आइजोल

कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख लालसावता ने सात नवंबर को मिजोरम में होने वाले चुनाव में 40 विधानसभा सीट में से 25 सीट पर कांग्रेस की जीत का दावा करते हुए शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी सत्ता हासिल करने के बाद भ्रष्टाचार खत्म करने और सुशासन लाने के लिए कई सुधारात्मक कदम उठाएगी।

अनुभवी नेता लालसावता ने 'पीटीआई-भाषा' से साक्षात्कार में दावा किया कि केवल कांग्रेस ही मिजोरम को वित्तीय कुप्रबंधन से बाहर निकाल सकती है। उन्होंने कांग्रेस के सत्ता में लौटने पर पुरानी पेंशन योजना शुरू करने का वादा किया। ज्ञात रहे कि कांग्रेस सभी 40 सीट पर चुनाव लड़ रही है।

### कांग्रेस मिजोरम में सरकार बनाएगी: थरूर

**आइजोल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शनिवार को विश्वास जताया कि उनकी पार्टी मिजोरम में अगली सरकार बनाएगी। थरूर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मिजोरम पूर्वोत्तर का पहला राज्य होगा जिसमें 2014 के बाद कांग्रेस सत्ता में वापसी करेगी। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के हाथों कांग्रेस ने मिजोरम में सत्ता गंवा दी थी और तब यह (मिजोरम) पूर्वोत्तर क्षेत्र में पार्टी शासित आखिरी राज्य था। उन्होंने कहा,कांग्रेस एक राष्ट्र, एक भाषा, एक संहिता और एक संस्कृति का विरोध करेगी।

## मप्र: कांग्रेस ने 39 नेताओं को निष्कासित किया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने पार्टी के उम्मीदवारों के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ने पर 39 नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। निष्कासित नेता या तो स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में या बसपा, सपा और आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

## केसीआर पहुंचे वेंकटेश्वर मंदिर



**सिद्दिपेट।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव शनिवार को श्री कोनईपल्ली वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर गए और वहां पूजा अर्चना की।

**मध्य प्रदेश की चुनावी डायरी**

# भोपाल: बीजेपी का दबदबा रहेगा कायम या कांग्रेस बदल देगी तस्वीर!

■ पिछले चुनाव में कांग्रेस ने तीन सीट जीतकर सुधारी स्थिति

एजेंसी | भोपाल

भोपाल पिछले तीन दशक में भाजपा के गढ़ में तब्दील हो गया है, लेकिन इस बार मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान सत्तारूढ़ दल इसे हल्के में नहीं ले सकता क्योंकि कांग्रेस ने पिछली बार राज्य की राजधानी में सात में से तीन सीट जीतकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया था। सीएम शिवराज सिंह चौहान व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दोनों के लिए भोपाल में जीत प्रतिष्ठा का सवाल है। भोपाल जिले में सात विधानसभा सीट हैं, जिनमें से छह शहर के भीतर हैं। भोपाल दक्षिण-पश्चिम, भोपाल उत्तर, भोपाल मध्य और नरेला शहरी सीट हैं, हुजूर और गोविंदपुरा को अर्ध-शहरी और बैरसिया को ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र माना जाता है। भाजपा ने 2018 में जिले में चार सीट जीती थीं, जबकि कांग्रेस ने भाजपा से दो सीट भोपाल मध्य और भोपाल दक्षिण-पश्चिम छीनकर तीन सीट पर जीत हासिल की थी। शहर में बड़ी संख्या में मुस्लिम आबादी हैं। यह 2018 में दो मुस्लिम विधायकों को विधानसभा में भेजने वाला मध्य प्रदेश का एकमात्र शहर था।





### 7 विधानसभा सीट हैं भोपाल में

**06**
सीट हैं शहरी क्षेत्र में (02 अर्ध शहरी)

**01**
बैरसिया ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र

**2018**
में ये रहे नतीजे

**04**
सीटों पर भाजपा विजयी रही

**03**
सीटों पर कांग्रेस जीती।
**(इनमें दो सीटें भाजपा से छीनी। इन पर मुस्लिम प्रत्याशी निर्वाचित हुए)**

### भोपाल उत्तर: कांग्रेस का गढ़, पिता की जगह बेटे को दिया टिकट

कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले भोपाल उत्तर में इस बार दिलचस्प सियासी जंग देखने को मिल रही है। यह 1990 के बाद पहला चुनाव है जब छह बार के विधायक आरिफ अकील स्वास्थ्य कारणों से चुनाव नहीं लड़ रहे। कांग्रेस ने उनकी जगह उनके बेटे आतिफ अकील को मैदान में उतारा है।आरिफ यहां केवल एक बार 1993 में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद भाजपा उम्मीदवार से हारे थे, लेकिन उनके बेटे के लिए जीतना आसान नहीं होगा क्योंकि उनके चाचा - आरिफ के भाई - आमिर अकील और एक अन्य बागी नासिर इस्लाम भी इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### भोपाल दक्षिण पश्चिम: कड़ी टक्कर

सरकारी कर्मचारियों की बड़ी आबादी वाले भोपाल दक्षिण-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में पिछले चार दशकों में कांग्रेस और भाजपा दोनों के विधायक चुने गए हैं।

### मध्य भोपाल है मुस्लिम मतदाता बाहुल्य

बड़ी संख्या में मुस्लिम मतदाताओं वाले भोपाल मध्य में 2008 और 2013 में दो बार भाजपा विधायक चुने गए, जबकि 2018 में कांग्रेस के आरिफ मसूद ने विजयी रहे। मसूद का इस बार भाजपा के ध्रुवनारायण सिंह से मुकाबला है।

### सारंग नरेला: विश्वास के सामने कांग्रेस का नया चेहरा

भाजपा नेता और राज्य में मंत्री विश्वास सारंग नरेला सीट से अब तक अपराजित रहे हैं। यह सीट भी 2008 में बनाई गई थी। कांग्रेस ने इस सीट से एक नए चेहरे मनोज शुक्ला को मैदान में उतारा है, जबकि 'आप' ने रायसा मलिक को इस सीट से टिकट दी है।

### हुज़ूर सीट: भाजपा के सामने चौथी जीत की चुनौती

हुज़ूर सीट के 2008 में गठन के बाद से हुए सभी तीनों चुनावों में भाजपा ने जीत हासिल की है। दो बार के विधायक रामेश्वर शर्मा फिर से मैदान में हैं, जबकि कांग्रेस ने नरेश ज्ञानचंदानी को मैदान में उतारा है।

**गोविंदपुरा से गौर की बहू कृष्णा गौर हैं मैदान में :** 45 वर्षों से अधिक समय तक भाजपा का गढ़ रहे गोविंदपुरा का प्रतिनिधित्व पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत बाबूलाल गौर ने आठ बार किया। यहां से उनकी बहू और मौजूदा विधायक कृष्णा गौर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं, जबकि कांग्रेस ने रवींद्र साहू को मैदान में उतारा है।

## जरूरी खबर

### प्रवीण पवार CBI के संयुक्त निदेशक नियुक्त



**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी प्रवीण मधुकर पवार को पांच साल के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश से यह जानकारी मिली। पवार 2003 बैच के कर्नाटक कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सीबीआई के संयुक्त निदेशक पद पर उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

### 60 छात्राओं से छेड़छाड़ पर प्राचार्य गिरफ्तार

**जींद।** हरियाणा के जींद में एक सरकारी स्कूल में 60 से अधिक छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपी प्राचार्य को पुलिस के विशेष जांच दल ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। जींद के पुलिस उपाधीक्षक अमित भाटिया ने बताया कि आरोपी प्राचार्य करतार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे रविवार को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा हालांकि उन्होंने यह बताने से मना कर दिया कि आरोपी को कहां से गिरफ्तार किया गया है। जींद जिले के उचाना इलाके के एक सरकारी स्कूल में 60 से अधिक छात्राओं ने प्राचार्य पर अश्लील हरकत करने के आरोप लगाए थे।

### चुनावी बॉन्ड जारी करने को मंजूरी छह से होगी बिक्री

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों से पहले, 'चुनावी बॉण्ड' जारी करने के 29वें चरण को मंजूरी दी, जो बिक्री के लिए छह नवंबर से उपलब्ध होगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव प्रचार जारी रहने के बीच यह निर्णय लिया गया है। इन राज्यों में सात से 30 नवंबर तक चुनाव होने वाले हैं। मतगणना तीन दिसंबर को होगी। राजनीतिक दलों के वित्त पोषण में पारदर्शिता लाने के तहत पार्टियों को नकद चंदे के विकल्प के तौर पर लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को 2018 में अधिसूचित किया गया था। चुनावी बॉण्ड के पहले चरण की बिक्री मार्च 2018 में की गई थी। चुनावी बॉण्ड को एक पात्र राजनीतिक दल केवल अधिकृत बैंक में अपने खाते के जरिए ही नकदी में परिवर्तित करा सकता है।

## प्रशिक्षण विमानों ने भरी उड़ान



*चेन्नई। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी शनिवार को ताम्बरम स्थित एयर फोर्स स्टेशन में फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर्स स्कूल के प्लेटिनम जुबिली समारोह में शामिल हुए। उन्होंने एक संगोष्ठी में कहा कि वक्त की दरकार अधिक दक्ष, युवा पायलट तैयार करना तथा उन्हें बेड़े में तेजी से और अधिक प्रभावकारी तरीके से शामिल करना है। वे दिन गए, जब सबको एक जैसा प्रशिक्षण दिया जाता था। इससे पहले, एयर फोर्स स्टेशन पर प्रशिक्षण विमानों और हेलिकॉप्टर ने 'फ्लाई पास्ट' का प्रदर्शन किया।*

## मुकेश अंबानी को धमकी: तेलंगाना, गुजरात से दो धरे



**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष मुकेश अंबानी को धमकी भरे ई-मेल भेजे जाने की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने शनिवार को तेलंगाना और गुजरात से दो युवकों को गिरफ्तार किया। पिछले आठ दिन में अंबानी की कंपनी की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर कम से कम तीन ई-मेल भेजे गए, जिनमें भुगतान नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।अधिकारी ने कहा कि दो युवकों में से एक की पहचान गणेश रमेश वनरापति (19) के रूप में हुई है, जिसे मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने तेलंगाना के वारंगल से पकड़ा। दूसरे व्यक्ति को गुजरात से पकड़ा गया, जिसकी पहचान शादाब खान (21) के रूप में हुई है। प्रथमदृष्टया, वनरापति और खान धमकी भरे ई-मेल भेजने के लिए दो अलग-अलग ई-मेल आईडी का इस्तेमाल कर रहे थे।

**PM का दावा:** समृद्ध भारत के लिए कई बाधाओं को तोड़ा

# लोस चुनाव: सभी बाधाओं को तोड़ सपोर्ट देगी जनता

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जनता 2024 के आम चुनावों में भाजपा का समर्थन करने के लिए सभी बाधाओं को तोड़ देगी। उनकी सरकार ने एक समृद्ध भारत के निर्माण की नींव रखते हुए कई वास्तविक, धारणागत और अतिरंजित बाधाओं को तोड़ दिया है।

पीएम मोदी ने 'हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट' को यहां संबोधित करते हुए कार्यक्रम की थीम 'बाधाओं से परे' का उल्लेख किया और कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव परिणामों में लोग भाजपा का बाधाओं से परे समर्थन करते हुए दिखाई देंगे। उन्होंने आजादी की शताब्दी तक देश को विकसित बनाने के लिए अपनी सरकार के लक्ष्य के संदर्भ में हल्के-फुलके अंदाज में कहा कि मीडिया समूह के 2047 कार्यक्रम का विषय 'विकसित राष्ट्र आगे क्या' होगा। उन्होंने अपनी सरकार द्वारा विकास के लिए उठाए गए कई कदमों का हवाला दिया और कहा कि भारत का बढ़ता मध्यम वर्ग और गरीबी में कमी एक बड़े आर्थिक चक्र की नींव बनेगी।



### कश्मीर में आतंकवाद हो रहा है खत्म

पीएम मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने के प्रभाव के बारे में बहुत डर फैलाया जाता था, लेकिन उनकी सरकार ने इसे हटाकर जम्मू-कश्मीर में विकास और शांति के द्वार खोल दिए। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद खत्म हो रहा है।

### तीसरे कार्यकाल में तीसरे स्थान पर होंगे

मोदी ने कहा, देश दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और हमारे तीसरे कार्यकाल में तीसरे स्थान पर होगा। आंकड़ों का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या 2023 में लगभग दोगुनी होकर 10 वर्षों में 7.5 करोड़ हो गई है, जबकि औसत आय 13 लाख रुपए तक बढ़ गई है। पीएम ने कहा कि राजमार्गों की प्रतिदिन निर्माण क्षमता 12 किलोमीटर से बढ़कर 30 किलोमीटर हो गई है।

वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में

# दिल्ली के साथ हरियाणा-पंजाब में भी हवा घोंट रही लोगों का दम

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के कई इलाकों में शनिवार को सुबह वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई और लगातार पांचवे दिन शहर के ऊपर जहरीली धुंध की मोटी परत छाई रही। शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 'गंभीर' और 'बहुत खराब' श्रेणियों में दर्ज किया गया, जबकि पंजाब के कुछ हिस्सों में यह 'खराब' श्रेणी में रहा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कई स्थानों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 450 के पार चला गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, राजधानी में शाम सात बजे एक्यूआई 433 दर्ज किया गया। बठिंडा में एक्यूआई 385 दर्ज किया गया। फतेहाबाद में वायु गुणवत्ता सूचकांक 464 दर्ज किया गया।



### यह है बेहतर स्थिति का पैमाना

एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

### केवल बीएस-6 वाहनों को अनुमति दें: राय

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को केंद्र सरकार से वाहन जनित प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस-6 वाहनों को अनुमति देने का आग्रह किया। राय ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार को पूरे एनसीआर क्षेत्र में बीएस-6 मानदंडों का अनुपालन नहीं करने वाले सभी वाहनों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

**इसरो के पूर्व प्रमुख पर थी** आलोचनात्मक टिप्पणी

# विवाद के बाद एस. सोमनाथ ने आत्मकथा का प्रकाशन रोका

**एजेंसी** | तिरुवनंतपुरम

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने शनिवार को कहा कि उन्होंने अपनी आत्मकथा को प्रकाशित नहीं करने का निर्णय लिया है। इसरो प्रमुख की आत्मकथा में उनके पूर्ववर्ती के. सिवन के बारे में कुछ आलोचनात्मक टिप्पणियां किए जाने को लेकर उपजे विवाद के बाद सोमनाथ का यह बयान आया है। सोमनाथ ने कहा कि उन्होंने अंतरिक्ष एजेंसी में अपनी दशकों लंबी यात्रा के दौरान की कुछ चुनौतियों का उल्लेख करने वाली अपनी आत्मकथा 'निलावु कुदिचा सिम्हंगल' को प्रकाशित नहीं करने का फैसला किया है। इससे पहले दिन में, सोमनाथ ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा था कि किसी संगठन में शीर्ष पद तक पहुंचने की यात्रा के दौरान प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी तरह की चुनौतियों से गुजरना पड़ता है और उन्होंने भी जीवन में ऐसी कठिनाइयों का सामना किया है। एक महत्वपूर्ण पद के लिए अधिक व्यक्ति पात्र हो सकते हैं।

### चंद्रयान-2 मिशन की विफलता का है जिक्र

सोमनाथ ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपनी पुस्तक में चंद्रयान-2 मिशन की विफलता की घोषणा के संबंध में स्पष्टता की कमी का उल्लेख किया है। इसरो अध्यक्ष ने दोहराया कि उनकी आत्मकथा उन लोगों को प्रेरित करने का एक प्रयास है, जो जीवन में चुनौतियों और बाधाओं से लड़कर कुछ हासिल करना चाहते हैं।

## हेलिकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुआ नौसैनिक

**कोच्चि/नई दिल्ली।** कोच्चि में भारतीय नौसेना के एक अड्डे पर शनिवार को एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक नौसैनिक की मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि नौसेना की दक्षिणी कमान के आईएनएस गरुड़ के रनवे पर रखरखाव जांच के दौरान एक चेतक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें नौसैनिक योगेन्द्र सिंह की मौत हो गई। योगेन्द्र मध्य प्रदेश के रहने वाले थे। दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए बोर्ड ऑफ इंक्वायरी को आदेश दिया गया है।

## जम्मू में मिला आईईडी



*जम्मू। पुलिस ने शनिवार शाम को जम्मू में सिधरा-नरवाल राजमार्ग पर एक पुलिस जांच चौकी के निकट दो किलोग्राम के आईईडी बरामद किया। आईईडी टिफिन बॉक्स में रखा गया था।*

लीडरशिप समिट में बोले सीजेआई

# विधायिका कोर्ट के किसी भी फैसले को खारिज नहीं कर सकती: CJI

■ मुकदमों का फैसला करते समय समाज प्रतिक्रिया पर नहीं करते गौर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि विधायिका अदालत के फैसले में खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है लेकिन उसे सीधे खारिज नहीं कर सकती है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने यहां 'हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट' में कहा कि न्यायाधीश इस पर गौर नहीं करते हैं कि जब वे मुकदमों का फैसला करेंगे तो



समाज कैसी प्रतिक्रिया देगा और सरकार की निर्वाचित शाखा तथा न्यायपालिका में यही फर्क है। उन्होंने कहा, इसके बीच विभाजनकारी रेखा है कि अदालत का फैसला आने पर विधायिका क्या कर सकती है और क्या नहीं कर सकती है। अगर किसी विशेष मुद्दे पर फैसला दिया जाता है और

## फैसले में खामी तो विधायिका कानून बनाकर उसे कर सकती है दूर


इसमें कानून में खामी का जिक्र किया जाता है तो विधायिका उस खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है।

विधायिका यह नहीं कह सकती कि हमें लगता है कि फैसला गलत है और इसलिए हम फैसले को खारिज करते हैं। विधायिका किसी भी अदालत के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायाधीश मुकदमों का फैसला करते समय संवैधानिक नैतिकता का अनुसरण करते हैं न कि सार्वजनिक नैतिकता का।

### इस साल अब तक 72,000 मुकदमों का निस्तारण

सीजेआई ने कहा, हमने इस साल कम से कम 72,000 मुकदमों का निस्तारण किया है और अभी डेढ़ महीना बाकी है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका में प्रवेश स्तर पर संरचनात्मक बाधाएं हैं। यदि समान अवसर उपलब्ध होंगे तो अधिक महिलाएं न्यायपालिका में आएंगी। हमें समावेशी अर्थ में योग्यता को पुन: परिभाषित करने की आवश्यकता है। यदि आप न्यायपालिका में प्रवेश स्तर पर समान अवसर पैदा करते हैं तो अधिक महिलाएं इसका हिस्सा बनेंगी। उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को विश्व कप के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे उन्हें प्रेरित करते हैं।

### यह है भारत में सेवानिवृत्ति की आयु



वर्तमान में, भारत में न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु निचली अदालतों में 60 वर्ष, उच्च न्यायालयों में 62 वर्ष और उच्चतम न्यायालय में 65 वर्ष है।

### न्यायाधीशों को सेवानिवृत्त होना चाहिए ताकि नई पीढ़ी को अवसर मिले

सीजेआई कहा कि न्यायाधीशों को सेवानिवृत्त होना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां अतीत की गलतियों को उजागर करे और समाज के विकास के लिए कानूनी सिद्धांतों में बदलाव कर सकें। न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की उम्र पर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिकी संविधान में न्यायाधीशों के लिए सेवानिवृत्ति की कोई उम्र नहीं है, लेकिन भारत में न्यायाधीश एक विशेष उम्र के बाद सेवानिवृत्त हो जाते हैं। हमने एक मॉडल का पालन किया है जहां न्यायाधीश सेवानिवृत्त होते हैं, लेकिन 23 वर्षों से सिस्टम में रहते हुए, मेरी राय अलग है। उन्होंने कहा कि एक तरह से न्यायाधीशों को सेवानिवृत्त होना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मानकर इंसान पर काफी ज्यादा जिम्मेदारी देना अधिक होगा कि वह चूक नहीं करेगा। उन्होंने कहा, न्यायाधीश इंसान होते हैं, जिनसे गलतियां होने की संभावना होती है और समाज विकसित होता रहता है। आपको यह दायित्व आने वाली पीढ़ियों को सौंपना चाहिए, जो अतीत की त्रुटियों को इंगित करने और समाज के विकास के लिए कानूनी सिद्धांतों में बदलाव करने में सक्षम होंगी।

## पार्टी टाइम: फ्रेंड्स, रिलेटिव्ज और प्रोफेशनल्स गेट टुगेदर में आए एक मंच पर

# 'दिवाली बैश' में खुशियों का 'स्नेह मिलन'

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुराइट्स दिवाली की खुशियां बांट रहे हैं। दीपोत्सव और गेट टुगेदर को हर उम्र के लोग एंजॉय करना चाहते हैं। यही कारण है कि होटल्स, क्लब और घरों में दिवाली स्नेह मिलन सेलिब्रेशन चल रहे हैं। ऐसे ही अनिरुद्ध-तनु बाहेती ने मिलकर जयपुराइट्स के लिए दिवाली बैश आयोजित किया, जिसमें शहर भर के यंग आंत्रप्रिन्योर्स, डॉक्टर्स, फैशन डिजाइनर्स, क्लब ओनर्स, इंजीनियर्स, सोशल वर्कर्स, ऑफिसर्स आदि एक फ्लोर पर आए। अनिरुद्ध ने बताया कि पिछले 20 साल से भी ज्यादा समय से दिवाली बैश करते आ रहे हैं। इस दौरान बचपन के दोस्त, रिश्तेदार और जयपुर के अलग-अलग वर्ग के लोग एक प्लेटफॉर्म पर मिलते हैं और गेट टू गेदर करते हुए खुशियां बांटते हैं। इस दिवाली थीम ओपन एयर विद पिंक सिटी रखी गई, जिसमें 300 लोगों ने पार्टिसिपेट किया।






**इन्होंने जमाया रंग**

*नीतू, काम्या, प्रिया, रुचि, ऋचा, स्मिता, पिंकी, नमिता, सुमन, शिविका, जयश्री, अनिरुद्ध, धीरज, हर्षा, गिरीश, विशाल, प्रणय, तरु, मंदाकिनी, अमित आदि ने गेट टुगेदर में जयपुराइट्स के साथ रंग जमाया।*



## पीस फुल लाइफ की बात की



**बेधड़क. जयपुर।** लेडीज ने एक्सपर्ट के साथ सेशन में हिस्सा लेते हुए हेल्दी और पीस फुल लाइफ स्टाइल जीने की बात की। मौका था चेयरपर्सन नेहा ढड्डा के साथ फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर के अनूठे सेशन का, जिसमें हिस्सा लेकर स्वयं को हेल्दी रखने की कोशिश की। इस दौरान होटल होली-डे इन में एक्सपर्ट गौरव मिश्रा के साथ 'द ऑरा ऑफ क्लींजिंग' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान लेडीज सफेद थीम बेस्ड ड्रेसेज में आईं। कार्यशाला का महत्व आभा शुद्धिकरण की तकनीकों के साथ अपने कंपन को बढ़ाने के लिए अपने शक्तिशाली आंतरिक प्रकाश को चमकाना था। अवचेतन में रुकावटों को दूर करने के लिए कल्याण पद्धति को सीखा।

## नेगोशिएशन पर रखे विचार



**बेधड़क. जयपुर।** विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय नेगोसिएशन प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। दो दिवसीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय कानून विश्वविद्यालयों सहित देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की 30 टीमें भाग ले रही हैं। वीजीयू चेयरमैन तथा आईएएस (सेवानिवृत्त) डॉ. ललित के पंवार ने आर के रस्तोगी को उद्धरित करते हुए कहा कि उनका कहना है मैं तब तक अभ्यास करूंगा जब तक पूर्ण नहीं हो जाता। डॉ. के राम आईपीएस (सेवानिवृत्त) मुख्य संरक्षक वीजीयू ने संकाय और छात्रों के बीच बातचीत के महत्व पर जोर दिया। संयोजक डॉ. शिल्पा राव रस्तोगी ने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में बातचीत के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से सराहना का एक संदेश भी मिला।

## मोहल्ला मीटिंग में बताईं प्रॉब्लम्स



**बेधड़क. जयपुर।** पानीपेच रोड व्यापार मंडल समिति के नेतृत्व में शास्त्री नगर थाना एसीपी राजेश जागिड़, एसएचओ किशोर सिंह भदोरिया ने व्यापारियों और क्षेत्रवासियों के साथ 20 दुकान, पीपल के पेड़ के नीचे, नेहरू नगर में पुलिस मोहल्ला मीटिंग रखी। इसमें सबने अपनी-अपनी समस्याएं बताईं। मीडिया प्रभारी मनीष केडिया ने बताया कि पानीपेच रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष विष्णु बियानी, मुकेश अग्रवाल, ताराचंद गोयल, अशोक शर्मा, उदय प्रताप सिंह, ललित अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, नेतराम गुर्जर, अशोक नायक, राम प्रकाश शर्मा, रईस खान, निजाम भाटी, हंसराज चौधरी, मोहन लाल अग्रवाल, द्वारका प्रसाद जांगिड़, आनंद सिंह नरूका, विकास शर्मा, मनीष अग्रवाल, शादाब मोहम्मद, लोकेश बागड़ा, दिलीप मोहम्मद, दिनेश कुमावत, जगदीश प्रजापत, लोकेश बागड़ा, नीरज सैन व्यापारी व क्षेत्रवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सीए मेंबर्स को दिए सर्टिफिकेट



**बेधड़क. जयपुर।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल की ओर से दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 1378 नए सीए मेंबर्स को मेंबरशिप सर्टिफिकेट दिए गए। कार्यक्रम की चीफ गेस्ट प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर इनकम टेक्स इरिना गर्ग थीं, जिन्होंने नए मैंबर्स को विशेज देते हुए देश की आर्थिक भागीदारी में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर समन्वयक व सेंट्रल काउंसिल मैंबर सीए प्रकाश शर्मा व सीए रोहित रुवाटिया अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

## की-नोट स्पीकर्स ने साझा की रिसर्च



**बेधड़क. जयपुर।** जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस्ड मैटेरियल्स और मेकाट्रोनिक्स सिस्टम्स (एआईएएमएमएस-2023) पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान 22 की नोट स्पीकर्स ने विचार रखे। भारत के 9 और 13 दूसरे देश रोमानिया, इटली, यू के, कनाडा से ऑनलाइन और ऑफलाइन जुड़े। कॉन्फ्रेंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस्ड मेट्रियल्स और मेक्ट्रोनिक्स सिस्टम में इंटर डिसिप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा देने पर केंद्रित रही। कुल 410 शोध पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 244 पत्र दुनिया भर से 450 से अधिक रिसर्चर की रिसर्च प्रक्रिया के बाद स्वीकार किए गए।

# City इवेंट्स

## धक-धक गर्ल से मिला सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित ने एनएस को बेस्ट आउटडोर का अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जेडी माहेश्वरी ने ये सम्मान ट्रॉफी के रूप में पाया और माधुरी का थैंक्स किया। इस मौके पर एक्ट्रेस ने भी उनकी तारीफ करते हुए उनको आगे भी ऐसे ही बढ़ते रहने के लिए विशेज दीं।

## युवाओं ने दिया सफाई का संदेश



**बेधड़क. जयपुर।** कंवर नगर स्थित श्रीराधा गोविन्द राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का पहला एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन पुरातत्व व संग्रहालय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार चूलेट के निर्देशन में हुआ। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में लगे पेड़-पौधों की सफाई करके पानी दिया। फिर नाहरगढ़ किले में स्थित बावड़ी देखी और किले में श्रमदान किया।

## महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**बेधड़क. जयपुर।** शास्त्री नगर स्थित चांदमारी बट्ट में श्रीश्याम मित्र मंडल का 2 दिवसीय चतुर्थ वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। मंडल संस्थापक श्याम प्रेमी नवीन प्रताप सिंह ने बताया कि इस अवसर पर बिल्वेश्वर महादेव मंदिर से चांदमारी बट्ट तक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 501 महिलाओं ने भाग लिया। भक्त बाबा की निशानी लेकर झूमते हुए साथ चल रहे थे। दूसरे दिन श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायकों ने बाबा श्याम को भजनों से रिझाया।

## मंच पर साकार हुआ रहस्यमयी अलादीन

# प्रतिभा और रचनात्मकता से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**बेधड़क | जयपुर**

युवाओं का टैलेंट जब स्टेज पर शोकेस हुआ तो सामने बैठे साथी खुद को हूटिंग से रोक नहीं पाए। उन्होंने तालियों से परफॉर्मर्स को मोटिवेट किया। इसके बाद हुई एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने सभी को रोमांचित किया।

मौका था जयश्री पेड़ीवाल ग्लोबल स्कूल के 5वें एनुअल फंक्शन का, जिसमें शैक्षणिक निदेशक आयुष पेड़ीवाल ने माता-पिता और स्टाफ को समर्थन और सफलता में उनके योगदान की सराहना की। सांस्कृतिक प्रमुख काम्या गुलाबानी व अपूर्व चौरड़िया ने स्कूल प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए गतवर्ष की उपलब्धियां बताईं। डॉ. जयश्री पेड़ीवाल ने कहा कि ऊंचाइयां हासिल करने के लिए बड़े लक्ष्य रखने की आवश्यकता है।

इस दौरान सुप्रसिद्ध पात्र अलादीन को युवओं ने आकर्षक और मनमोहक नाटक से जीवंत किया। नाटक में जादू, रहस्य, नृत्य और हास्य का जीवंत मिश्रण दिखा। समापन एकता और गौरव का प्रतीक राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में स्कूल के ऑर्केस्ट्रा 'जेपीआइट्स इन सिम्फनी' ने रंग जमाया, जिसके साथ हर कोई झूमता दिखाई दिया। कार्यक्रम में छात्र प्रतिनिधि अथर्व ने कर्मचारियों और छात्रों से लेकर अभिभावकों और दर्शकों के प्रति आभार जताया। उन्होंने इस सफलता के लिए सभी की तारीफ करते हुए इसे हमेशा याद रखने की बात की। प्रधानाचार्या मंजू खोंसला ने युवाओं को मोटिवेट किया और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## केक मिक्सिंग परम्परा को किया एंजॉय



**जयपुर।** जयपुराइट्स ने बरसों पुरानी केक मिक्सिंग की परम्परा को फिर से जीवंत करते हुए गेट टुगेदर भी किया। इस अवसर पर सदस्यों व गेस्ट ने क्रिसमस के लिए केक बनाने के लिए ड्राय फ्रूट्स और नट्स को मिक्स किया। आयोजकों ने बताया कि क्रिसमस से पूर्व मिक्स किए गए इंग्रेडिएंट्स को बड़े कंटेनर्स में रखा जाता है और बीच-बीच में इसे मिक्स किया जाता है। एग्जीक्यूटिव शेफ रमेश कुकरेती ने बताया कि माना जाता केक मिक्सिंग में जितने लोग शामिल होते हैं केक उतना ही स्वादिष्ट बनता है। सेरेमनी में तरुण चंडीरमानी, रितु सोलंकी, मुकुंद त्रिवेदी, सुधीर कासलीवाल, निशा सिंह, नताशा चोरड़िया, काल्ड्रॉन सिस्टर्स, टीना कपूर, पारुल बील, साधना गर्ग, तृप्ति पांडे, सोनल वी. सावनसुखा, अपूर्वा और नीता जोशी आदि उपस्थित रहे।

**लोकरंग** उत्तर और पूर्वोत्तर की संस्कृति का जयपुर के मंच पर हुआ समागम

# कलाकारों ने शिव की बारात का हिस्सा बनकर किया नृत्य

**बेधड़क | जयपुर**

वीकेंड होने से जयपुराइट्स लोकरंग के रंग में रंगे नजर आए। कलाकारों की परफॉर्मेंस को हर उम्र के आर्ट लवर्स ने एंजॉय किया तो आर्टिस्ट भी उत्साहित और समर्पित नजर आए। मौका था लोक रंग के दौरान छह राज्यों के कलाकारों की 13 विधाओं की प्रस्तुति का। उत्तर से पूर्वी, पश्चिम से दक्षिणी राज्यों की लोक विधाओं ने मन मोह लिया।



**ऐसे परवान चढ़ी संस्कृति**

राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह की पहली प्रस्तुति में डॉ. हनुमान सहाय की मांड गायन की प्रस्तुति ने राजस्थान की माटी की महक फैलाई। तेलंगाना के कलाकारों ने ओगू डोलू नृत्य से महफिल में जोश का संचार किया। इसमें कलाकार स्वयं को भगवान शिव की बारात का हिस्सा मानकर नृत्य करते हैं। गोवा के देखणी में मिठास भरे लोक गीतों पर कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

### होजागिरी में संतुलन का बेहतर प्रदर्शन

त्रिपुरा के होजागिरी में सौम्य लय पर महिलाओं ने संतुलन का बेहतर प्रदर्शन किया। रियांग जनजाति की ओर से लक्ष्मी पूजा के अवसर पर महिलाएं सिर पर बोतल रखकर यह नृत्य करती हैं। असम के बीहु ने ट्री ट्राइब की संस्कृति से रूबरू कराया। वहीं, पेपा व गोगोना जैसे दुर्लभ वाद्य यंत्रों की धुन पर हुए रोंगाली बीहु की प्रस्तुति ने रोमांच पैदा कर दिया। पारंपरिक परिधान 'फेरन' पहन युवतियों ने फसल कटाई पर हर्ष की अनुभूति दिलाने वाला नृत्य किया।



पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 05 नवंबर, 2023



सूरमा नहीं विचलित होते, क्षण एक नहीं धीरज खोते,
विघ्नों को गले लगाते हैं, कांटों में राह बनाते हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### पाकिस्तान में वायुसेना प्रशिक्षण अड्डे पर आतंकी हमला, तीन विमान क्षतिग्रस्त

# सेना का दावा: नौ आतंकियों को किया ढेर







**एजेंसी** | इस्लामाबाद

भारी हथियारों से लैस नौ आतंकियों ने शनिवार को सुबह पंजाब प्रांत में पाकिस्तानी वायुसेना (पीएएफ) के एक प्रशिक्षण अड्डे पर हमला कर दिया, लेकिन सभी आतंकियों को ढेर कर दिया गया गया है। सेना ने यह जानकारी दी। इससे एक दिन पहले देश में तीन अलग-अलग आतंकवादी हमलों में 17 सैनिक मारे गए थे।

पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा कि आतंकवादियों ने उसकी वायुसेना के मियांवाली प्रशिक्षण हवाई अड्डे पर हमला किया। उसने पुष्टि की कि हमले के दौरान पहले से ही संचालन से बाहर कर दिए गए तीन विमानों को नुकसान पहुंचा है। सेना ने पुष्टि की कि 'पीएएफ प्रशिक्षण अड्डे मियांवली में तलाशी अभियान पूरा हो गया है और सभी नौ आतंकियों को जहन्नुम भेज दिया गया है।' बयान में कहा गया है कि यह अभियान 'आज सुबह अड्डे पर कायरतापूर्ण और नाकाम आतंकी हमले के बाद आसपास के इलाके में किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए शुरू किया गया था।'




### कुछ घंटे पहले हुए हमले में 17 सैनिकों की मौत

इस हमले से कुछ घंटे पहले बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों ने सुरक्षा बलों के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें में कम से कम 17 सैनिक मारे गए। बलूचिस्तान में शुक्रवार को हुआ आतंकवादी हमला इस साल का सबसे वीभत्स हमला माना जा रहा है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के सबसे ज्यादा सैनिक मारे गए हैं।

### टीजेपी ने ली हमले की जिम्मेदारी

सेना ने कहा कि पीएएफ की संचालनात्मक स्थिति वाली किसी भी संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, हालांकि पहले से संचालन से बाहर किए गए तीन विमानों को थोड़ा नुकसान हुआ है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संबद्ध एक नए आतंकी समूह तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने मीडिया को दिए एक बयान में इस हमले की जिम्मेदारी ली है। हमले की निंदा करते हुए कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने कहा, 'हमारी सुरक्षा को कमजोर करने वाले किसी भी प्रयास का दृढ़ता से सामना किया जाएगा।'

### युद्ध विराम के लिए तैयार नहीं इजराइल

# बंधक रिहा करने की शर्त

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में और मदद की आपूर्ति संभव बनाने और आम नागरिकों की रक्षा करने के लिए युद्ध को 'मानवीय आधार पर कुछ देर रोकने' को लेकर बढ़ते अमेरिकी दबाव के आगे झुकने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और जोर देकर कहा कि जब तक हमास करीब 240 बंधकों को आजाद नहीं कर देता, तब तक कोई अस्थाई संघर्ष विराम नहीं होगा।

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन युद्ध शुरू होने के बाद तीसरी बार इजराइल गए। उन्होंने 7 अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए नृशंस हमले के बाद उसे कुचलने की इजराइल की मुहिम के प्रति अपना समर्थन दोहराया। उन्होंने गहराते मानवीय संकट से निपटने के लिए युद्ध कुछ देर के लिए रोकने के अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के आह्वान को भी दोहराया।

### 70% आबादी यानी 15 लाख लोग अपने घर छोड़कर भागे

संयुक्त राष्ट्र ने शुक्रवार को बताया कि गाजा के करीब 15 लाख लोगों या 70 प्रतिशत आबादी को अपने घर छोड़कर भागना पड़ा है। फिलीस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के गाजा निदेशक थॉमस व्हाइट ने कहा कि गाजा में औसत व्यक्ति इस समय प्रतिदिन दो ब्रेड पर जी रह रहा है, जिनमें से अधिकतर संयुक्त राष्ट्र के भंडार में मौजूद आटे से बने हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल की मांग भी बढ़ रही है।



### इजराइल पूरी ताकत से आगे बढ़ेगा: नेतन्याहू

नेतन्याहू से बातचीत के बाद ब्लिंकन ने कहा कि मदद पहुंचने की गति बढ़ाने और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने में मदद के लिए युद्ध को कुछ देर रोकने की आवश्यकता है। हमास ने करीब एक महीने पहले इजराइल पर किए हमलों के दौरान लोगों को बंधक बना लिया था। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने ब्लिंकन को बताया है कि जब तक बंधकों को रिहा नहीं किया जाता, इजराइल 'पूरी ताकत से आगे बढ़ेगा।'

### हमास के निर्वासित नेता का घर ध्वस्त

**राफाह।** इजराइली सेना ने शनिवार को हवाई हमले में गाजा शहर के बाहरी इलाके में स्थित हमास के निर्वासित नेता इस्माइल हनियेह के घर को निशाना बनाया। वहीं, इजराइल की घेराबंदी की वजह से खाना, पेयजल और अस्पतालों में जेनरेटर के ईंधन की कमी होती जा रही है, जिसके मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने तत्काल संघर्ष विराम करने की अपील की है।

### रूसी हमलों में यूक्रेन के 14 लोग घायल

# EU प्रमुख गईं कीव के दौरे पर

**एजेंसी** | कीव

यूक्रेन में एक रूसी हमले में शुक्रवार को 14 नागरिक घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक यूरोपीय संघ की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेन यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मिलने के लिए कीव पहुंची। जपोरिज्जिया क्षेत्र के गवर्नर युरी मालाश्को ने कहा कि जरीचने गांव पर रूस द्वारा किए गए एक रॉकेट हमले में नौ लोग घायल हो गए।

उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों में क्षेत्र के कुल 26 शहरों और बस्तियों पर हमले हुए हैं। गवर्नर ओलेक्जेंडर प्रोकुडीन ने कहा कि खेरसोन क्षेत्र में पांच लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ये हमले तोप, मोर्टार, ड्रोन, लड़ाकू विमानों और टैंकों से किए गए हैं।

यूरोपीय संघ की प्रमुख उर्सुला शनिवार सुबह कीव पहुंचीं और जेलेंस्की से मुलाकात की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि उनके छठे दौरे के दौरान हुई वार्ता में कई विषयों पर चर्चा हुई।

### अल नीनो कनेक्शन

# वर्ष 2024 में सूर्य ग्रहण दिखेगा या नहीं!

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अगले साल यानी 2024 में 8 अप्रैल को सूर्य ग्रहण लगेगा। अमेरिका में यह दिखाई देगा, लेकिन इसे देखने का सबसे अच्छा मौसम जरूरी है। यही वजह है कि कई लोग ऐसे स्थान का पता लगा यात्रा का कार्यक्रम तक बना रहे हैं। दरअसल, अल नीनो इस सूर्य ग्रहण के देखने में बाधा बन सकता है। अल नीनो प्रशांत महासागर में होने वाला जलवायु परिवर्तन है, जो हर कुछ वर्षों में होता है। इसके कारण बादल हो सकते हैं, जिनसे सूर्य ग्रहण संभवतः साफ न दिखे। 14 अक्टूबर को लगे सूर्य ग्रहण के दौरान भी बादल दिखे थे। विशेषज्ञों के मुताबिक जनवरी से मार्च तक उत्तरी गोलार्ध में इसके सक्रिय रहने की 95% व मार्च से मई तक की संभावना 80% है।



### यहां दिखाई देगा सूर्य ग्रहण

इस ग्रहण का पथ 185 किमी चौड़ा होगा। जमीन पर दिखने की बात करें तो यह मेक्सिको के प्रशांत तट माजातलान से शुरू होता है और उत्तर-पूर्व की ओर जाता है। टेक्सास से शुरू होकर यह 15 अमेरिकी राज्य होता हुआ कनाडा के करीब मेन तक जाएगा। गैर अल नीनो वर्षों को अगर देखें तो पता चलता है कि सबसे साफ आसमान की संभावना पथ के दक्षिण-पश्चिम भाग मैक्सिको और टेक्सास में होगी। उत्तर पूर्व में बढ़ने पर यह संभावना कम हो जाती है।

### क्या है अल नीनो!

अल नीनो समुद्री सतह के तापमान में वृद्धि है जो हर दो से सात साल में होती है। साउथवेस्ट एयरलाइंस के मौसम विज्ञानी जॉन हचिंसन ने कहा कि अल नीनो मध्य प्रशांत महासागर में होने वाला दोलन है जो मुख्य रूप से इंडोनेशिया के गर्म पानी को अमेरिका के करीब तक ले जाता है। उनका कहना है कि यह पूरी दुनिया में हवा के बहाव का पैटर्न भी बदलता है। आमतौर पर इसका मतलब है कि दक्षिण में गीला और उत्तर में शुष्क मौसम।

# जयशंकर ने इटली के राष्ट्रपति से की मुलाकात

# साझेदारी मजबूत करने पर की चर्चा

**रोम।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैतरेला और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की और रक्षा, साइबर सुरक्षा तथा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इटली के अपने समकक्ष एंतोनियो ताजानी के निमंत्रण पर रोम पहुंचे जयशंकर ने शुक्रवार को पुर्तगाल और इटली की अपनी चार दिवसीय यात्रा संपन्न की।

नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बैठक के दौरान इटली के राष्ट्रपति ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और भारत-इटली तथा भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को गहरा बनाने के लिए अपने मजबूत समर्थन को दोहराया।

जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए मैतरेला के मागदर्शन को अहमियत देता हूं' विदेश मंत्री ने इटली के रक्षा मंत्री क्रोसेतो के साथ बैठक में रक्षा विनिर्माण और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री क्षेत्रों में औद्योगिक सहयोग समेत कूटनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर बात की।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl